




आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच






वर्ष : 26 | अंक : 201 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शनिवार, 13 जुलाई, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8


# NDA पर भारी INDI

## हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड में कांग्रेस जीती, पंजाब में 'आप'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव-2024 के बाद पहली परीक्षा में इंडिया







गठबंधन एनडीए पर भारी पड़ गया है। बिहार, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब और हिमाचल प्रदेश में हुए उपचुनाव की मतगणना जारी है। पश्चिम बंगाल की चार, हिमाचल प्रदेश की तीन और उत्तराखंड की दो सीटों समेत सात राज्यों की 13 सीटों पर 10 जुलाई को वोटिंग हुई थी। इन सीटों पर इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस, आप, डीएमके व टीएमसी ने अच्छा प्रदर्शन किया है। उत्तराखंड में भी कांग्रेस की बल्ले-बल्ले हुई है। यहां बद्रीनाथ सीट से कांग्रेस प्रत्याशी लखपत सिंह बुटोला और मंगलौर सीट से कांग्रेस प्रत्याशी काजी मोहम्मद निजामुद्दीन चुनाव जीत गए हैं।

जालंधर वेस्ट सीट पर हुए उपचुनाव में आम आदमी पार्टी ने शानदार जीत दर्ज की है। 'आप' के मोहिंदर भगत ने कांग्रेस के सुरिंदर कौर को 37000 से अधिक वोटों के अंतर से हराया। इस सीट की पूर्व विधायक शीतल अंगुराल 'आप' छोड़कर बीजेपी में शामिल हुई थीं। उन्हें बीजेपी ने अपना उम्मीदवार बनाया था। अंगुराल तीसरे स्थान पर रहीं।

मध्य प्रदेश की अमरवाड़ा सीट पर अब कांग्रेस उम्मीदवार धीरन साह ने बीजेपी के कमलेश प्रताप शाह पर 4500 से अधिक वोटों की बढ़त बना ली है। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के देवीराम उर्फ देवरावेन भलावी तीसरे स्थान पर हैं।

बद्रीनाथ सीट पर कांग्रेस के लखपल बुटोला तीसरे राउंड की मतगणना के बाद बीजेपी उम्मीदवार राजेंद्र सिंह भंडारी से 963 वोटों से आगे चल रहे हैं. कुल 15 राउंड की मतगणना होनी है। भाजपा के राजेंद्र भंडारी के पाला बदलने की वजह से यहां उपचुनाव हो रहा है, उन्होंने बीजेपी का दामन थाम लिया था।

उधर हिमाचल प्रदेश की देहरा विधानसभा सीट से सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर ने उपचुनाव जीत गई हैं। हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर से भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा ने जीत दर्ज की है। देहरा विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी एवं सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर ने उपचुनाव जीत गई हैं। उन्होंने भाजपा के होशियार सिंह को 9399 मतों के अंतर से पराजित किया। इसी तरह हमीरपुर से भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा ने जीत दर्ज की है। नालागढ़ से कांग्रेस के हरदीप सिंह बावा भी जीत की ओर अग्रसर हैं। अंतिम राउंड की गिनती के बाद कांग्रेस प्रत्याशी एवं सीएम सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर ने 9399 मतों ये जीत हासिल की है।

पश्चिम बंगाल की चार सीटों पर हुए उपचुनाव में टीएमसी के प्रत्याशी चारों सीटों पर जीत गए हैं। बंगाल में ममता बनर्जी का मैजिक बरकरार है। तमिलनाडु में डीएमके आगे चल रही है।

# उप्र में बाढ़ से घिरे 800 गांव

## बाढ़ में फंसे हजारों लोगों का पलायन



**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में बाढ़ से हालात खराब हैं। भारी बारिश और नेपाल से छोड़े गए पानी के बाद यूपी के कई शहरों में अब बाढ़ का असर विकराल रूप लेता जा रहा है। बहराइच, श्रावस्ती, गोंडा, बलरामपुर, अयोध्या, अंबेडकरनगर, बाराबंकी, सीतापुर के करीब 250 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। वहीं, लखीमपुर खीरी के 150, शाहजहांपुर के 30, बदायूं के 70, बरेली के 70 और पीलीभीत के करीब 222 गांव की बड़ी आबादी बाढ़ के पानी से घिरी हुई है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## क्राइम फाईल

### दो घरों से लाखों की चोरी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** चोरों ने अलग-अलग स्थान पर चोरी की दो घटनाओं को अंजाम दिया है। चोरों ने एक घर से 25000 रूपये व लाखों रुपए के जेवरात, मोबाइल व लैपटॉप चोरी कर लिया।

ग्राम बोडाकी निवासी अरुण कुमार ने थाना दादरी में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह अपने परिजनों के साथ घर में सो रहे थे। रात्रि में चोर मौका पाकर उनके घर में घुस आए और चोरी की घटना को अंजाम दिया। सुबह जब वह सोकर उठे तो उन्हें चोरी की घटना का पता चला। अरुण कुमार के मुताबिक चोर उनके घर से 25 हजार रुपए, दो जोड़ी सोने के कुंडल चोरी कर ले गए हैं।

वहीं थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के छलेरा में रहने वाले सचिन कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सुबह के समय उनके कमरे का दरवाजा खुला हुआ था। इस दौरान चोर ने मौका पाकर उनके कमरे से मोबाइल फोन, लैपटॉप व अन्य सामान चोरी कर लिया। पुलिस के मुताबिक दोनों पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

### घर से गई किशोरी हुई लापता

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सूरजपुर क्षेत्र के डेल्टा सेक्टर से घर से मेहंदी लाने के लिए गई किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। किशोरी की मां की शिकायत पर पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

डेल्टा सेक्टर में रहने वाली कामिनी चौहान (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उनकी बेटी घर से मेहंदी लेने के लिए निकली थी। इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटी। उन्होंने इसकी काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। कुछ समय बाद उन्हें पता चला कि उनकी बेटी को अजब राठी अपने साथ ले गया है। कामिनी के मुताबिक अजब राठी उन्हें अपनी बेटी से मिलने नहीं दे रहा है।

### शादी में आई महिला के आभूषण छीने

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-73 सर्फाबाद गांव में स्थित डीएस गार्डन फार्म हाउस में आयोजित शादी समारोह में सम्मिलित होने आई एक महिला के गले से बाइक सवार आभूषण छीन कर फरार हो गए। महिला के पति ने थाना सेक्टर-113 में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

सेक्टर-70 निवासी दिनेश कुमार ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह अपनी पत्नी हेमा के साथ एक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए सेक्टर-73 स्थित डी एस गार्डन फार्म हाउस आया था। उनकी पत्नी जैसे ही कार से उतरकर फार्म हाउस की तरफ बड़ी तो पीछे से बाइक पर आए दो बदमाश उनके गले से आभूषण छीन कर फरार हो गए। उन्होंने शोर मचाकर बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह हत्थे नहीं चढ़े। पुलिस फार्म हाउस के आसपास की दुकान के ऊपर लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज को खंगाल कर बदमाशों की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

## नाबालिग चला रहे ट्रैक्टर, स्कूटर और ई-रिक्शा

**नोएडा (चेतना मंच)।** नाबालिगों द्वारा सार्वजनिक मार्गों पर वाहन दौड़ाने के खिलाफ नोएडा कमिश्नरेट पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत पुलिस ने अलग-अलग

**ट्रैफिक पुलिस ने अभियान के दौरान सीज किए 9 वाहन**

स्थान पर नाबालिकों द्वारा चलाए जा रहे आठ वाहनों को सीजकर वाहन स्वामियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

थाना सेक्टर-49 क्षेत्र में ट्रैफिक इंस्पेक्टर राम सिंह वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने सेक्टर-51 गोल चक्कर पर बाइक सवार को जांच के लिए रोका जांच में बाइक सवार नाबालिक निकला। इसके बाद एमबी एक्ट के तहत वाहन को सीज किया गया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## दो स्कूली बस समेत 9 बसें की जब्त

**नोएडा (चेतना मंच)।** परिवहन विभाग ने आज अभियान चलाकर 2 स्कूल बस व अन्य 9 बसें जब्त की हैं। परिवहन विभाग के अभियान में जनपद के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) व यात्रीकर अधिकारियों द्वारा लगातार प्रवर्तन कार्यवाही की जा रही है। साथ ही विद्यार्थियों को भी सड़क सुरक्षा नियमों के अनुपालन के लिए जागरूक किया जा रहा है।




एआरटीओ प्रवर्तन डा. उदित नारायण ने बताया कि यह अभियान कई दिनों से चल रहा है। फिटनेस के लिए स्कूली बस संचालकों की सुविधा के लिए तीन दिन का शिविर भी लगाया गया था, लेकिन अभी तक 93 स्कूली बसों के संचालक फिटनेस के लिए नहीं पहुंचे हैं। सड़कों पर यदि बिना फिटनेस के बसें चलती पाई गई तो उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## नामकरण में आई बुआ और बेटी लाखों के जेवरात लेकर चंपत

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** बच्ची के नामकरण संस्कार में आए रिश्तेदार घर से लाखों रुपए के जेवरात चोरी कर चंपत हो गए। चोरी की यह पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित ने अपने रिश्तेदारों के खिलाफ थाना बीटा दो में मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्रेटर नोएडा के केंद्रीय विहार में रहने वाले राजकुमार सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि 3 जून को उनकी बेटी का नामकरण था।उनकी पत्नी की बुआ की बेटी रूपम, अपनी मां मधु तथा बेटे हार्दिक के साथ प्रोग्राम में सम्मिलित होने के लिए एक दिन पहले ही उनके घर आ गई थी। उनकी पत्नी शेफाली सिंह ने रूपम तथा रूपम की मां मधु के सामने अपनी अलमीरा के लॉकर से सोने के (शेष पृष्ठ-3 पर)

### आत्महत्या के लिए उकसाया

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना जेवर में एक युवक के खिलाफ महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया गया है। मृतका की मां का आरोप है कि युवक ने उनकी बेटी को इस कदर प्रताड़ित किया कि उसने आत्महत्या कर ली। जनपद अलीगढ़ निवासी प्रमिला (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उनकी बेटी की शादी 17 वर्ष पूर्व दानापुर गांव में हुई थी। (शेष पृष्ठ-3 पर)

### बाइक एजेंसी के मालिक को रंगदारी के लिए पीटा

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना रबूपुरा क्षेत्र के भाईपुर रोड पर स्थित हीरो बाइक की एजेंसी पर दबंगों ने धावा बोलकर गाली गलौज व मारपीट की। एजेंसी संचालक का आरोप है कि आरोपी उन पर रंगदारी देने का दबाव बना रहे थे। भाईपुर रोड रबूपुरा में सोनू शर्मा की हीरो बाइक की ध्रुव एजेंसी है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

### जीएसटी शुल्क को हड़प गया सीए

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** कंपनी के जीएसटी शुल्क को सरकारी कोष में जमा कराने के बजाय हड़पने के आरोप में एक सीए के खिलाफ थाना सूरजपुर में मुकदमा दर्ज कराया गया है। कंपनी मालिक के मुताबिक सीए ने फर्जीवाडा करते हुए 6232105 रुपए का गबन कर लिया है।

**कंपनी के लाखों रूपये किये गबन**

सरस्वती अपार्टमेंट दादरी में रहने वाले सुजीत सिंह ने बताया कि वह तेज कंटेनर सर्विसेज कंपनी का मालिक है। कंपनी में कंटेनरों की सर्विस का काम किया जाता है। वर्ष 2020 के अगस्त माह में शशांक सिंह राजपूत उनके कार्यालय में आए और बताया कि वह पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं। उनकी आरकेएस इंश्योरेंस एडवाइजर नाम की कंपनी है जिसका कार्यालय लक्ष्मीनगर दिल्ली में है। उन्होंने कंपनी को अपनी सेवाएं देने का प्रस्ताव रखा। सुजीत सिंह के मुताबिक उन्होंने 10000 प्रति माह के वेतन पर उन्हें अपना सीए नियुक्त कर लिया। कार्यालय रिकॉर्ड का निरीक्षण करके (शेष पृष्ठ-3 पर)

### गुलेल गैंग ने तीन कारों का तोड़ा शीशा

**नोएडा (चेतना मंच)।** सड़क किनारे खड़े वाहनों का शीशा तोड़कर सामान चोरी करने वाले गुलेल गिरोह ने अलग-अलग स्थान पर चोरी के तीन घटनाओं को अंजाम दिया। चोर दो कारों का शीशा तोड़कर जेवरात,नगदी, लैपटॉप वह अन्य सामान चोरी कर ले गए।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट निवासी अमित कुमार ने थाना फेस-3 में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 6 जुलाई की रात्रि को अपने ऑफिस से घर की तरफ आ रहा था सेक्टर 71 के पास उसने सड़क किनारे अपनी कार लगा दी और सब्जी खरीदने लगा। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## आबादी का प्लॉट बेचने के नाम पर विधवा महिला से लाखों की ठगी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** प्लॉट का एग्रीमेंट कर लाखों रुपए हड़पने के आरोप में विधवा महिला ने सात लोगों के खिलाफ थाना बीटा-2 में मुकदमा दर्ज कराया है। विधवा महिला का आरोप है कि आरोपियों ने उस प्लॉट के नाम पर 2550000 हड़प लिए और प्लॉट किसी और को बेच दिया।

ग्राम सादुल्लापुर निवासी श्रीमती रिछपाली पत्नी स्व रामवीर सिंह ने बताया कि वर्ष-2019 में थापखेड़ा निवासी इंद्रेश उसके बेटे सुमित भाटी, रोहित भाटी, मोहित भाटी, ज्योति, दयानंद आदि से उसकी 6 प्रतिशत आबादी का प्लॉट खरीदने के संबंध में बात हुई। बातचीत के दौरान आरोपियों ने उन्हें 12 मई 2016 का 6 प्रतिशत आबादी भूखंड का आवंटन पत्र दिखाया। यह भूखंड किरणपाल के नाम पर आवंटित हुआ था। दोनों पक्षों के बीच प्लॉट का सौदा 2550000 रूपये में तय हो गया। रिछपाली के मुताबिक उसने 15 लाख रुपए बैंक में ट्रांसफर किये और 10 लाख रुपए नगद देकर एग्रीमेंट करा लिया। इंद्रेश व अन्य लोगों ने उन्हें आश्वासन दिया कि जैसे ही प्राधिकरण प्लाट पर कब्जा देगा तो वह उन्हें प्लॉट पर कब्जा देकर उनके नाम बैनामा कर देंगे। इस दौरान किरणपाल की वर्ष 2019 में मृत्यु हो गई। मृत्यु होने के पश्चात उक्त प्लाट को (शेष पृष्ठ-3 पर)

### ऑटो, ई-रिक्शा, टेंपो के साथ 8 वाहन चोरी

**नोएडा (चेतना मंच)।** अलग-अलग थाना क्षेत्र से वाहन चोर ऑटो, ई-रिक्शा, टेंपो सहित आठ वाहनों को चोरी कर ले गए। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

मिलिंद विहार कॉलोनी दादरी निवासी रिंकू सिंह ने थाना सूरजपुर में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसने अपना ऑटो तनु नामक व्यक्ति को किराए पर चलने के लिए दिया था 2 जुलाई के शाम को तनु ऑटों को घंटा गोल चक्कर के पास खड़ा कर ठेली पर परांठे खाने चला गया। कुछ देर बाद जब वह पराठे खाकर वापस लौटा तो ऑटो गायब था।

थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के वेदवन पार्क के बाहर से छेदी महतो का ई रिक्शा चोरी हो गया।

थाना फेस-1 क्षेत्र के सेक्टर-5 हरौला बारात घर के बाहर से अजीत सिंह का ई रिक्शा चोरी हो गया। इसी थाना क्षेत्र के सेक्टर-1 बी ब्लॉक से (शेष पृष्ठ-3 पर)

## 214वीं बोर्ड बैठक में आठ एजेंडों पर लगी मोहर

### आवासीय, संस्थागत, ग्रुप हाउसिंग तथा औद्योगिक भूखंड की दरों में 6 फीसदी की वृद्धि

**नोएडा (चेतना मंच)।** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में




लखनऊ में नोएडा प्राधिकरण की 214वीं बोर्ड बैठक संपन्न हुई। बैठक में कई अहम फैसले लिए गए हैं। प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी लोकेश एम ने बोर्ड बैठक में लिए गए फैसलों की विस्तृत जानकारी दी।

आवासीय भूखंडों की सभी ए से लेकर ई श्रेणी में 6 फीसदी वृद्धि को मंजूरी दी गई। सिर्फए प्लस श्रेणी की दरों को यथावत रखा गया है। इसके अलावा संस्थागत, ग्रुप हाउसिंग, औद्योगिक भूखंडों की दरों में भी 6 फीसदी वृद्धि की गई है। वाणिज्यिक उपयोग की वर्तमान दरों को यथावत रखा गया है।

बोर्ड बैठक में सेक्टर-151ए में निर्माणाधीन अंतर्राष्ट्रीय गोल्फ कोर्स में बंद सदस्यता खोलने की मंजूरी दी गई है। अब तक 1000 लोगों ने सदस्यता ली है। डीयर पार्क योजना को मंजूरी दी गयी। वहीं सेक्टर-123 में प्रस्तावित स्पोर्टस, कॉम्पलेक्स में 70 करोड़ की लागत से बनने वाले स्पोर्टस काम्पलेक्स को अनुमोदन किया गया है।

पुरानी रुकी हुई रियल एस्टेट परियोजनाओं को निपटाने के लिए नई नीति लागू की गई है। अब तक 27 परियोजनाओं ने इसका लाभ उठाया है। (शेष पृष्ठ-3 पर)




# लैंगिक बराबरी

जिस दौर में अमूमन सभी मोर्चों पर मौका मिलने पर लड़कियां अपने बरक्स या समांतर खड़े लड़कों से खुद को बराबर या बेहतर साबित कर रही हैं, उसमें ऐसी खबर निराशा और दुख से भर देती है कि एक व्यक्ति ने बेटे की चाह में अपनी जुड़वां नवजात बेटियों की हत्या कर दी। इक्कीसवीं सदी का सफर तय करते आधुनिक मूल्यों वाले देश में यह हैरान करने वली घटना लगती है, मगर आज भी ऐसे लोग हैं, जो लड़कियों के खिलाफ इस हद तक संकीर्ण सोच और रवैया रखते हैं। खबर के मुताबिक, बाहरी दिल्ली में रहने वाले एक व्यक्ति ने अपनी तीन दिन की जुड़वां बेटियों की सिर्फ इसलिए हत्या कर दी, क्योंकि वह बेटा चाहता था। यह कोई दूरदराज के इलाके की नहीं, बल्कि देश की राजधानी दिल्ली की घटना है, जहां माना जाता है कि समाज अपेक्षया आधुनिक मूल्यों के बीच जीता है और लैंगिक बराबरी के साथ-साथ बेटियों की सुरक्षा और उन्हें समान जीवन-स्थितियां मुहैया कराने को लेकर सरकार की ओर से भी अक्सर जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाते हैं। आज तकनीक की दुनिया इतनी विस्तृत हो चुकी है कि दूरदराज के इलाके में बैठा व्यक्ति भी यह देख-समझ सकता है कि समाज में निचले स्तर से लेकर उच्च स्तर की पढ़ाई-लिखाई या बेहतर पदों पर नौकरी हासिल करने के मामले में लड़कियां किसी भी तरह से लड़कों से कम नहीं हैं। यों एक सभ्य समाज में समानता के दृष्टिकोण के लिए इस तरह के उदाहरणों की जरूरत नहीं पड़नी चाहिए, लेकिन जड़ मानसिकता वाले व्यक्ति के लिए ऐसे उदाहरण काम के हो सकते हैं। समाज में लैंगिक बराबरी के हक में लड़ाई के लंबे दौर का हासिल यह रहा है कि आज हर स्तर पर महिलाएं पुरुषों के साथ समांतर खड़ी हैं और जहां भी मौका मिल रहा है, वहां वे अपनी क्षमताएं साबित कर रही हैं। इसके बावजूद अगर बेटे की इच्छा रखने की वजह से बेटी की हत्या की खबर आती है तो यह एक समाज और व्यवस्था की नाकामी का ही सबूत है। देश की सरकारों ने बेटियों को बचाने और पढ़ाने के नारे तो खूब दिए, मगर जमीनी स्तर पर पितृसत्तात्मक दुराग्रहों को खत्म करने को लेकर इतनी गंभीरता नहीं बरती कि सुरक्षा और समानता बेटियों के लिए सहज जीवन का हिस्सा हो।

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि ये सुंदर गति ( मोक्ष ) रूपी अमृत के स्वाद और तृप्ति के समान हैं, कच्छप और शेषजी के समान पृथ्वी के धारण करने वाले हैं, भक्तों के मन रूपी सुंदर कमल में विहार करने वाले भौंरे के समान हैं और जीभ रूपी यशोदाजी के लिए श्री कृष्ण और बलरामजी के समान ( आनंद देने वाले ) हैं॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**दो0- एकु छत्रु एकु मुकुटमनि सब बरननि पर जोउ।**
**तुलसी रघुबर नाम के बरन बिराजत दोउ॥**

तुलसीदासजी कहते हैं- श्री रघुनाथजी के नाम के दोनों अक्षर बड़ी शोभा देते हैं, जिनमें से एक (रकार) छत्ररूप (रेर्फ )से और दूसरा (मकार) मुकुटमणि (अनुस्वार) रूप से सब अक्षरों के ऊपर है॥

**समुझत सरिस नाम अरु नामी। प्रीति परसपर प्रभु अनुगामी॥**
**नाम रूप दुइ ईस उपाधी। अकथ अनादि सुसामुझि साधी॥**

समझने में नाम और नामी दोनों एक से हैं, किन्तु दोनों में परस्पर स्वामी और सेवक के समान प्रीति है (अर्थात नाम और नामी में पूर्ण एकता होने पर भी जैसे स्वामी के पीछे सेवक चलता है, उसी प्रकार नाम के पीछे नामी चलते हैं। प्रभु श्री रामजी अपने 'राम' नाम का ही अनुगमन करते हैं (नाम लेते ही वहाँ आ जाते हैं)। नाम और रूप दोनों ईश्वर की उपाधि हैं, ये (भगवान के नाम और रूप) दोनों अनिर्वचनीय हैं, अनादि हैं और सुंदर (शुद्ध भक्तियुक्त) बुद्धि से ही इनका (दिव्य अविनाशी) स्वरूप जानने में आता है॥

**को बड़ छोट कहत अपराधू। सुनि गुन भेदु समुझिहहिं साधू॥**
**देखिअहिं रूप नाम आधीना। रूप ग्यान नहिं नाम बिहीना॥**

इन (नाम और रूप) में कौन बड़ा है, कौन छोटा, यह कहना तो अपराध है। इनके गुणों का तारतम्य (कमी-बेशी) सुनकर साधु पुरुष स्वयं ही समझ लेंगे। रूप नाम के अधीन देखे जाते हैं, नाम के बिना रूप का ज्ञान नहीं हो सकता॥ (क्रमश:..)

# भारत की वित्तीय प्रणाली है बहुत मजबूत

जून 2024 के अंतिम सप्ताह में, 27 जून 2024 को, भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय स्थिरता प्रतिवेदन जारी किया है। यह प्रतिवेदन वर्ष में दो बार, 6 माह के अंतराल पर, जारी किया जाता है। इस प्रतिवेदन में यह बताया गया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था और भारत की वित्तीय प्रणाली लगातार मजबूत बनी हुई है और बेहतर तुलन पत्र के आधार पर, भारत के बैंक एवं वित्तीय संस्थान लगातार ऋण विस्तार के माध्यम से देश की आर्थिक गतिविधियों में तेजी लाने में अपनी प्रभावी भूमिका का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रहे हैं।

31 मार्च 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष में भारत के अनुसूचित वाणिज्यिक बैकों का पूंजी पर्याप्तता अनुपात 16.8 प्रतिशत का रहा है तथा सकल अनर्जक आस्ति अनुपात पिछले कई वर्षों के सबसे निचले स्तर अर्थात 2.8 प्रतिशत पर एवं निवल अनर्जक आस्ति अनुपात केवल 0.6 प्रतिशत पर आ गया है जो अपने आप में एक रिकार्ड है। न केवल अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक मजबूत बने हुए हैं अपितु गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) भी स्वस्थ बनी हुई हैं, जिनका पूंजी पर्याप्तता अनुपात 26.6 प्रतिशत, सकल अनर्जक आस्ति अनुपात 4.0 प्रतिशत और आस्तियों पर प्रतिलाभ 3.3 प्रतिशत रहा है। पूंजी पर्याप्तता अनुपात का मजबूत स्थिति में रहने का आश्य यह है कि इन बैकों के पास पर्याप्त मात्रा में पूंजी उपलब्ध है और इन बैकों में किसी प्रकार की आर्थिक परेशानी आने पर यह बैंक सफलतापूर्वक उस आर्थिक परेशानी का सामना कर सकते हैं। वहीं दूसरी ओर, अनर्जक आस्ति अनुपात का सबसे कम स्तर पर आने का आश्य यह है कि बैकों द्वारा प्रदान किए जा रहे ऋणों की अदायगी समय पर हो रही है एवं इन ऋणों पर पर कोई दबाव दिखाई नहीं दे रहा है।

उक्त प्रतिवेदन में भारतीय रिजर्व बैंक ने भारतीय अर्थव्यवस्था में पनप रहे कुछ जोखिमों की ओर भी इशारा किया है। हालांकि वैश्विक स्तर पर कई विकसित देशों द्वारा अभी भी सख्त मौद्रिक नीति का अनुपालन किया जा रहा है एवं इन देशों द्वारा ब्याज दरों को अभी भी उच्च स्तर पर बनाए रखा गया है क्योंकि मुद्रा स्फीति की दर इन देशों में स्वीकार्य स्तर तक नीचे नहीं आ पाई है। भारत के लिए जरूर इस प्रकार के जोखिम कमजोर पड़े हैं क्योंकि भारत में मुद्रा स्फीति की दर को नीचे लाने में सफलता मिली है। परंतु, भारत में एक तो विशेष रूप से कोविड महामारी के बाद से नागरिकों पर ऋण का अतिरिक्त बोझ बड़ा है और दूसरे भारतीय नागरिकों की वित्तीय बचत की दर में कमी आई है। उक्त प्रतिवेदन में विशेष रूप से इन दो जोखिमों की ओर ध्यान दिलाया गया है।

भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 में नागरिकों की बचत दर घटकर सकल घरेलू उत्पाद के 18.4 प्रतिशत तक नीचे आ गई है जो वर्ष 2013 से 2022 के बीच में औसतन 20 प्रतिशत की रही है। इसी प्रकार, एक अन्य मानक के अनुसार, वर्ष 2013 से 2022 के बीच भारतीय नागरिक अपनी कमाई का औसतन 39.8 प्रतिशत भाग बचत करते थे परंतु वित्तीय वर्ष 2022-23 में यह भाग घटकर 28.5 प्रतिशत तक नीचे आ गया है। बचत, दरअसल, दो प्रकार की होती है, एक वित्तीय बचत और दूसरे, सम्पत्ति निर्मित करने हेतु बचत। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, भारतीय नागरिकों की वित्तीय बचत जरूर कम हुई है परंतु सम्पत्ति निर्मित करने हेतु की गई बचत में वृद्धि दृष्टिगोचर है। जैसे, मकान बनाने हेतु एवं कार खरीदने हेतु की गई बचत को सम्पत्ति निर्मित करने हेतु की गई बचत की श्रेणी में रखा जाता है। भारत में हाल ही के वर्षों में सम्पत्ति निर्मित करने हेतु बचत का रुझान बहुत तेज गति से आगे बढ़ा है। आवास एवं कार आदि जैसी सम्पत्तियां खरीदने हेतु भारत में मध्यवर्गीय परिवार अपनी बचत के साथ ही बैकों से ऋण लेकर भी इन सम्पत्तियों का निर्माण कर रहे हैं। इससे अर्थव्यवस्था के चक्र में भी तेजी दिखाई देने लगी है क्योंकि मकान बनाने के लिए स्टील, सिमेंट, आदि पदार्थों की खपत भी बढ़ रही है एवं इन उत्पादों का उत्पादन भी विनिर्माण इकाईयों द्वारा अधिक मात्रा में किया जा रहा है, इससे देश में रोजगार के अवसर भी निर्मित हो रहे हैं। कुल मिलाकर, इससे देश के अर्थ चक्र में तेजी दिखाई देने लगी है। साथ ही, वित्तीय बचत कम इसलिए भी हो रही है क्योंकि अब देश का पढ़ा लिखा नागरिक वित्तीय रूप से अधिक साक्षर हो गया है एवं अब यह स्थिति समझने लगा है कि बैंकों एवं पोस्ट ऑफिस में बचत करने पर मिल रहे ब्याज की तुलना में शेयर (पूंजी) बाजार में निवेश करने तथा सोने एवं चांदी जैसे पदार्थों में निवेश करने से अधिक आय का अर्जन सम्भव होता दिखाई दे रहा है। साथ ही, भूमि का टुकड़ा खरीदकर उस पर भवन का निर्माण कर तुलनात्मक रूप से अधिक आय का अर्जन किया जा सकता है। अत: बैकों एवं पोस्ट ऑफ़िस के स्थान पर अब देश के नागरिक देश के पूंजी बाजार में अपनी बचत का निवेश करने लगे हैं।

दूसरे, मध्यवर्गीय परिवार अब अपने बच्चों की शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं पर अधिक ध्यान देने लगे हैं। इससे, इनकी कुल आय का अधिक प्रतिशत अब इन मदों पर खर्च होता दिखाई दे रहा है, इससे अंतत: इन परिवारों की बचत में भी कमी दृष्टिगोचर हो रही है। इसी कारण के चलते नागरिकों की शुद्ध वित्तीय बचत में 11.3 प्रतिशत की भारी भरकम गिरावट दर्ज हुई है जो वर्ष 2022-23 में 28.5 प्रतिशत की रही है और पिछले 10 वर्षों के दौरान औसतन 39.8 प्रतिशत की रही थी।

कोरोना महामारी के दौरान चूंकि पूरे देश में लॉकडाउन लगाया गया था अत: इस दौरान भारत में घरेलू बचत दर बढ़कर 51.7 प्रतिशत तक पहुंच गई थी। परंतु कोरोना महामारी के बाद जैसे ही लॉकडाउन को हटाया गया, नागरिकों ने अपने खर्चों में वृद्धि करना शुरू कर दिया एवं आस्तियों में निवेश भी करना शुरू किर दिया था, इससे घरेलू बचत की दर में भारी भरकम गिरावट दर्ज हुई है। अब तो देश के नागरिक आस्तियों में निवेश करने के उद्देश्य से बैकों से ऋण प्राप्त करने में भी किसी प्रकार की कठिनाई का अनुभव नहीं कर रहे हैं। इस सम्बंध में भारतीय बैकों ने भी अपने नियमों को शिथिल किया है। इससे भारत में ऋण में वृद्धि दर लगातार 15 प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है वहीं जमाराशि में वृद्धि दर लगातार कम होती जा रही है जिसका प्रभाव वृद्धात्मक ऋण- जमा अनुपात पर भी पड़ता दिखाई दे रहा है जो अब 100 प्रतिशत के आसपास पहुंच गया है।

एक और दिलचस्प पहलू यह भी उभरकर सामने आया है कि अब पर्यावरण में हो रहे परिवर्तन को भी वित्तीय जोखिम की तरह ही माना जा रहा है। अर्थात, अब जलवायु जोखिम एवं साइबर जोखिम को भी गम्भीर खतरे के रूप में देखा जा रहा है। आगे आने वाले समय में इन दोनों जोखिमों की वजह से भारतीय वित्तीय प्रणाली पर भारी दबाव पड़ सकता है। जलवायु परिवर्तन के चलते तो भारत की मौद्रिक नीति पर भी प्रभाव पड़ सकता है जिससे अंतत: वित्तीय तंत्र के लिए भी जोखिम बढ़ सकता है।

**- प्रहलाद सबनानी**
**सेवा निवृत्त उप महाप्रबंधक,**
**भारतीय स्टेट बैंक**




**भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-23 में नागरिकों की बचत दर घटकर सकल घरेलू उत्पाद के 18.4 प्रतिशत तक नीचे आ गई है जो वर्ष 2013 से 2022 के बीच में औसतन 20 प्रतिशत की रही है।**

# बेटी नहीं.... बेटा (व्यंग्य)

हमारे समाज में यह उपदेश खूब दिया जाता है भगवान ने सबको एक जैसा बनाया, सब एक समान हैं। इंसान की दखल के कारण यह उतना ही झूठ लगता है जैसे कहा जाता है कि कानून की नजर में सब एक समान हैं। अब तो यह गाना खूब गाया जा रहा है कि बेटा हो या बेटी एक ही बात होती है। दूसरी तरफ शास्त्रों और संस्कृति की लकीर पर चलने की बात की जाती है जहां पुत्र की ही बात होती है। राजाओं के यहां पुत्र रत्न पैदा न हों तो पूजा, हवन और यज्ञ करवाए जाते थे। उन रत्नों का विवाह कन्याओं से ही होता रहा ताकि नए पुत्र रत्न पैदा हों। वह बात अलग है कि आजकल नव दम्पति बच्चे ही पैदा नहीं करना चाहते लेकिन ऐसे माता पिता भी है जो पुत्र हासिल करने के लिए कई पुत्रियों का जन्म सह रहे हैं। फिलहाल तो बेटी के जन्म पर अनपढ़ ही नहीं पढ़े लिखे चेहरे लटक जाते हैं।

बेचारा विकास, चतुर इंसान की सोच हर मामले में नहीं बदल पाया। व्यवहार की दलदल में उतर कर जानने की कोशिश की जाए तो पता चलता है लड़का होना आज भी बहुत सी सामाजिक सुविधाओं पर वरदहस्त प्राप्त करने जैसा है। लड़की का पैदा होना अब उतना बुरा नहीं माना जाता लेकिन परिवार में लड़का पैदा होना भी जरूरी माना जाता है। हैरानी इस बात की है जापान जैसे विकसित देश में भी ऐसा ही है। बेचारा विकास वहां भी पारम्परिक सोच नहीं बदल पाया। उनकी समृद्ध संस्कृति वैसी ही समृद्ध रही। दिलचस्प यह है कि वहां अगर गोद लेना हो तो अधिकांश जापानी पुत्र मोह में फंसे रहते हैं इसीलिए व्यस्क लड़के गोद लिए जा रहे हैं। लड़कियां नहीं।

जिन परिवारों में लडके पैदा नहीं हुए, कारोबार संभालने के लिए लड़कियां नहीं लड़कों को तरजीह दी जा रही है। इनमें घर जवाई बनने और बनाने के मामले भी शामिल हैं। कुछ भी कहो, क्या इसका मतलब यह नहीं लेना चाहिए कि दुनियाभर में पैतृक मानसिकता का बोलबाला है जो कई मामलों में चाहे वह पारिवारिक हों या व्यावसायिक, वर्चस्व बनाए रखती है। कई समाजों में इसे सहजता से कबूल किया जाता है। कहीं यह सचाई तो नहीं कि कुदरत ने मर्द को औरत से ज्यादा ताकतवर, आक्रामक, किसी भी मामले को निबटाने में सक्षम बनाया है। मर्दानगी का जलवा कायम है। हमारे यहां की सामाजिक तल्खियां भी तो यही साबित करती हैं। हमें यह मान लेना चाहिए कि लड़का लड़की को समान मानने में अभी वक्त लगेगा। - **संतोष उत्सुक**



**राजाओं के यहां पुत्र रत्न पैदा न हों तो पूजा, हवन और यज्ञ करवाए जाते थे। उन रत्नों का विवाह कन्याओं से ही होता रहा ताकि नए पुत्र रत्न पैदा हों। वह बात अलग है कि आजकल नव दम्पति बच्चे ही पैदा नहीं करना चाहते लेकिन ऐसे माता पिता भी है जो पुत्र हासिल करने के लिए कई पुत्रियों का जन्म सह रहे हैं।**

# राशिफल

**आषाढ़ शुक्ल पक्ष : सप्तमी** | **(विक्रम संवत् 2081)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
पराक्रम रंग लाएगा। व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। स्वास्थ्य अच्छा। प्रेम, संतान की स्थिति अच्छी।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
आर्थिक उन्नति करेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम, संतान में अपनापन होगा और व्यापार बहुत अच्छा रहेगा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ङ , छ, के, हो, हा)**
ओजस्वी-तेजस्वी बने रहेंगे। जरुरत के हिसाब से वस्तुएं उपलब्ध होंगी जीवन में। झगड़ा मोल न लें। बाकी स्वास्थ्य अच्छा।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
स्वास्थ्य बुझा-बुझा सा रहेगा। आमदनी के नए- नए जरिया बनेंगे। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार बहुत अच्छा।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
आय के नए स्तोत्र बनेंगे। पुराने स्तोत्र से भी पैसे आएंगे। सरकारी तंत्र का साथ होगा। स्वास्थ्य, प्रेम, व्यापार बहुत अच्छा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। व्यावसायिक स्थिति सुदृढ़ होगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम, संतान, व्यापार सबकुछ बहुत अच्छा है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
परिस्थितियां अनुकूल होने लगी हैं। रुका हुआ कार्य चलने लगेगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम, संतान का साथ होगा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम, संतान अच्छा।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)**
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी-चाकरी की स्थिति अच्छी होगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
शत्रुओं का समन होगा। रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। स्वास्थ्य नरम-गरम। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार अच्छा।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
भावुकता में आकर कोई निर्णय मत लीजिएगा। स्वास्थ्य नरम-गरम। प्रेम, संतान मध्यम। व्यापार अच्छा।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
गृह-कलह के संकेत हैं। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार अच्छा। शिवजी को प्रणाम करते रहें।

# पर्यावरण संरक्षण समिति का संकल्प, 11 हजार पौधों का होगा निशुल्क वितरण

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** पर्यावरण संरक्षण समिति का संकल्प लिए संजय नवादा लोगों में पौधों का वितरण कर रहे हैं। वर्ष 2010 से अब तक करीब दो लाख पौधे बांट चुके हैं।



ग्रेटर नोएडा गौतमबुद्धनगर नवादा गांव निवासी संजय नवादा ने इस कार्य के लिए महिलाओं व पुरुषों की दर्जनों टोलियां बना रखे हैं। टोली किसी भी पर्व-त्योहार या मांगलिक कार्यों के मौके पर पौधों का वितरण करती है। टीम के सदस्य समय-समय पर पौधों की मॉनिटरिंग भी करते हैं। इस कार्य में होने वाले खर्च का वहन पर्यावरण संरक्षण समिति की टोली में शामिल लोग आपसी सहयोग से करते हैं। इस कार्य के लिए उनके नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण समिति का वर्ष 2018 में रजिस्ट्रेशन कराया गया है।

**दो लाख पौधा कर चुके निश्शुल्क वितरण**

पर्यावरण संरक्षण समिति की दिशा में आगे बढ़ रहे है। एक करोड़ पौधा वितरण के संकल्प को पूरा करने के लिए दर्जनों महिला व पुरुषों की टोली बना रखे है। टोली द्वारा किसी भी पर्व-त्योहार के अलावा मांगलिक कार्यों के मौके पर पौधो का वितरण किया जाता है। टोली के लोग आपसी सहयोग से इस अभियान का खर्च निकालते हैं।

**पर्यावरण संरक्षण समिति के साथ-साथ मानव सेवा भी**

पर्यावरण संरक्षण समिति के लिए संजय नवादा के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण समिति का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। इस संस्था को अब तक सरकारी स्तर पर किसी भी तरह का सहयोग नहीं मिला है। इनके द्वारा पौधारोपण के अलावा ठंड के दिनों में लोगों के बीच निश्शुल्क कपड़े का वितरण, प्राकृतिक आपदा के समय राहत वितरण सहित अन्य समाज सेवा कार्य किया जा रहा है। कोरोना काल में इनके द्वारा बड़ी संख्या में लोगों तक आवश्यक वस्तुओं का निशुल्क वितरण किया गया।

**124 गांव के लोगों के बीच पौधा वितरण का लक्ष्य**

पर्यावरण संरक्षण समिति ने बिलासपुर के सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल परिसर में पौधारोपण करते हुए 50 से अधिक पौधे लगाए। बिलासपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में पांच सौ पौधा लगाया गया। इनके द्वारा बिलासपुर, तुगलपुर, तालडा, बागपुर, दाउदपुर, इमलिया, पीपलका, नवादा, अमरपुर, अस्तौली, रिलखा, दलेलगढ़, रामपुर, रौनी, जुनेदपुर, कनारसी, हतेवा, गड़ाना, दनकौर, लडपुरा, सिरसा, घंघौला, गढ़ी, खेरली, आलौदा, समसपुर सहित अन्य गांवों के लोगों के बीच पौधा वितरण किया गया है। संजय नवादा ने बताया कि बिलासपुर, दनकौर, मंडी श्यामनगर के 124 गांव के लोगों के बीच पौधा वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

**बच्चों के समान करते पौधों की देखभाल**

पर्यावरण संरक्षण समिति से निशुल्क पौधा प्राप्त करने में कपिल प्रधान, अजय नागर, मोमीन सैफी, अकील अहमद, सुनील, नूरमोहम्मद, हिमांशु शर्मा, विनोद शर्मा, हरी सिंह, लक्ष्मण, हरीश, नितिन, सुंदर, मुकेश, देवेंद्र, योगेंद्र, अमित शर्मा, सुरेंद्र, योगेश, शंकर नागर, बबीता, सीमा, आशा, ऊषा, अन्जू, वंदना, रजनी, चिराग, हरिओम, हरीश, दीपक सहित अन्य लोग शामिल हैं। पौधा प्राप्त करने वालों ने बताया कि निशुल्क प्राप्त पौधों की बच्चों के समान देखभाल करते हैं। पौधों की देखभाल से पौधारोपण के प्रति रूझान बढ़ने से अब खुद भी लोगों के बीच पौधों का वितरण करते हैं।

# रोटरी क्लब ग्रेटर नोएडा ने लगाया रक्तदान शिविर



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** रोटरी क्लब के सचिव मोहित बंसल ने बताया रोटरी क्लब ग्रेटर नोएडा द्वारा एक रक्तदान शिविर शुक्रवार को गौतमबुद्धनगर चैरिटेबल ब्लड सेंटर साईट-4 ग्रेटर नोएडा के सहयोग से सुबह 10 बजे से दोपहर 4 बजे तक एडवर्ब टेक्नोलॉजीस लिमिटेड प्लॉट नंबर 93 सेक्टर ईकोटेक 10 कासना गौतम बुध नगर में लगाया गया। रक्तदान शिविर में 77 बहुमूल्य रक्त एकत्रित हुआ। 18 लोग हीमोग्लोबिन व अन्य वजह से रक्तदान नहीं कर सके।

स्वस्थ व्यक्ति हर 3 महीने बाद रक्तदान कर सकता है। रक्तदान करने से शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती। आप भी रक्तदान करें और रक्तदान में सहयोग करें।

इस अवसर पर मोहित बंसल, कपिल गर्ग, डॉ अनीता गुप्ता व मेडिकल टीम के लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा का मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी ने दादरी विधानसभा बिसरख ब्लॉक एवं जे़वर विधानसभा दनकौर ब्लॉक में मतदाता अभिनन्दन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री लोकसभा हाउसिंग कमेटी के अध्यक्ष सांसद डॉ. महेश शर्मा रहे। विशिष्ट अतिथि लोकसभा प्रभारी प्रमोद गुप्ता, दादरी विधायक मास्टर तेजपाल नागर, एमएलसी श्रीचन्द शर्मा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने की। कार्यक्रम का संचालन ज़िला महामंत्री योगेश चौधरी ने किया।




लोकसभा हाउसिंग कमेटी के अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद डॉक्टर महेश शर्मा ने बिसरख व दनकौर कार्यक्रम में मतदाताओं का अभिनन्दन करते हुए कहा कि गौतमबुधनगर लोकसभा चुनाव की जीत मोदी योगी जी के विकास कार्यों और जनता जनार्दन और भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ एनडीए के घटक दल कार्यकर्ताओं और जनता मतदाताओं का आभार धन्यवाद किया और भाजपा एनडीए घटक दल की तीसरी बार मोदी सरकार बनने के लिये देश की जनता ने विकास के मुद्दे पर मतदाताओं ने मत किया।

इस मौके पर ओमपाल प्रधान ब्लॉक प्रमुख पूर्व जिलाध्यक्ष विजय भाटी गीता पंडित जिला महामंत्री दीपक भारद्वाज योगेश चौधरी मनोज गर्ग धर्मेन्द्र कोरी जिला उपाध्यक्ष सेवानन्द शर्मा सतेंद्र नागर पवन नागर सांसद प्रतिनिधि बलराज भाटी ज़िला मंत्री सत्यपाल शर्मा अमित शर्मा गुरुदेव भाटी मीडिया प्रभारी पंडित कर्मवीर आर्य पवन त्यागी सचिन शर्मा पंकज रावल राज नागर मुकेश चौहान मनीष भाटी कपिल गुर्जर बबलू गुर्जर महेश शर्मा राजीव सिंघल रजनी तोमर उषा वत्स सीताराम शर्मा प्रेम प्रधान हरिदत्त शर्मा सुनील रावत सुधीर त्यागी राकेश गर्ग रजनीकांत अग्रवाल सरफ़राज़ अली उदयवीर चौधरी धर्मेन्द्र भाटी अर्पित तिवारी आदि बिसरख दनकौर कार्यक्रमों में सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ सैकड़ों सैकड़ों मतदाताओं ने मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम में भाग लिया।

# अवैध बेसमेंट की खुदाई से मकानों में आई दरार



**दनकौर ( चेतना मंच )।** दनकौर नगर पंचायत के कर्मचारियों की मिलीभगत से अवैध रूप से बेसमेंट खोदने का काम किया जा रहा है। बताया जाता है कि इस गोरखधंधे में नगर पंचायत के कई कर्मचारी एवं अधिकारी शामिल हैं। बेसमेंट खोदने से आस-पास के मकानों में भी दरार आ रही है और किसी भी दिन बड़ी घटना घट सकती है जिसकी पूरी जिम्मेदारी नगर पंचायत की होगी।

जब इस विषय को लेकर नगर पंचायत दनकौर में तैनात ईओ से बात करने का प्रयास किया गया तो बात नहीं हो पाई। समय रहते यदि इन अवैध बेसमेंट को नहीं रोका गया तो किसी भी दिन बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

## पृष्ठ एक के शेष....

**उप्र में बाढ़ से ....**

पूर्वांचल के बलिया में भी बाढ़ की स्थिति के चलते कुछ घर बहने की खबर है।

शाहजहांपुर में गर्रा नदी की बाढ़ का पानी दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर रहने के कारण कार-बाइक व अन्य छोटे वाहनों का संचालन बंद रखा गया। बाढ़ के कारण रोडवेज बसें भी नहीं चलीं। मुरादाबाद- लखनऊ के बीच नए 22 कॉशन तय करके ट्रेनों को भी धीमी गति से गुजारा जा रहा है। शाहजहांपुर के राजकीय मेडिकल कॉलेज में बाढ़ का पानी भरने के बाद मरीजों को आसपास के जिन अस्पतालों में शिफ्ट किया गया था, उनमें भी पानी भरने के बाद समस्या विकराल हो गई। मेडिकल कॉलेज से 300 से ज्यादा मरीजों को शिफ्ट किया गया है। वहीं शहर के बाहरी हिस्से में बसी आवास विकास कॉलोनी समेत अन्य निचले इलाकों से करीब 10 हजार लोगों ने पलायन किया है। एनडीआरएफ की टीम ने 225 लोगों को बचाया। रात में पानी का बहाव तेज होने के बाद स्थिति और खराब हो गई। बरेली मोड़ से बंधरा तक तीन से चार फुट पानी रहने के कारण शुक्रवार को भी छोटे वाहनों का संचालन शुरू नहीं किया गया। लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली और नाव से सुरक्षित स्थान पर पहुंचे। जिला प्रशासन के मुताबिक अब तक शहर के पांच हजार से अधिक लोगों को विस्थापित किया जा चुका है। कांशीराम कॉलोनी, आवास विकास कॉलोनी और अजीजगंज क्षेत्र की अधिकतर कॉलोनियों में बने मकानों में कई फुट पानी भरने के बाद एनडीआरएफ टीम ने शुक्रवार सुबह से ही बचाव कार्य शुरू कर फंसे 225 लोगों को बचाया। बाढ़ ने एसएस कॉलेज को भी बड़ा नुकसान पहुंचाया है। कॉलेज के पुस्तकालय में रखीं सैकड़ों साल पुरानी पांडुलिपियां नष्ट हो गई हैं। खीरी में भी बाढ़ के हालात अभी काफी खराब है। तीन सौ से अधिक जिन गांवों में पानी भर गया था, उनमें से कुछ में जलस्तर कम हुआ है तो कहीं यथास्थिति है। जबकि निघासन तहसील क्षेत्र के 18 और गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया है। निघासन-पलिया रूट भी बंद कर दिया गया है। अवध के आठ जिलों में बाढ़ से मची तबाही के बाद स्थिति अब धीरे-धीरे सुधरनी शुरू हुई है। उफनाई नदियां धीरे-धीरे शांत हो रही हैं। अब असल समस्या कटान की है। अंबेडकरनगर और बहराइच में सरयू का जलस्तर घटा है। जल स्तर कम होने से गांवों से पानी तो निकल गया, लेकिन धान की फसल नष्ट हो गई है।

नेपाल के कुसुम बैराज से 47,682 क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद जमुनहा बैराज पर नदी का जलस्तर 127.35 से बढ़ कर 127.90 मीटर पहुंच गया जो खतरे के निशान से 20 सेंटीमीटर अधिक है।

बाढ़ से एसएस कॉलेज के पुस्तकालय में रखीं सैकड़ों साल पुरानी पांडुलिपियां नष्ट हो गई हैं। खीरी, शाहजहांपुर और बरेली में बाढ़ ने छह और लोगों की जान ले ली।

**नाबालिग चला रहे ....**

और वाहन स्वामी के खिलाफ थाना सेक्टर-49 से मुकदमा दर्ज कराया गया। इसी थाना क्षेत्र के केंद्रीय विहार के पास स्कूटी चालक नाबालिक को रोका गया। टैफिक पुलिस ने स्कूटी को सीज कर नाबालिग के अभिभावक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है थाना सेक्टर 24 में यातायात उप निरीक्षक महिपाल ने ट्रैक्टर दौड़ा रहे नाबालिक को जांच के दौरान रोका। परिजनों को मौके पर बुलाकर नाबालिक को उनके सुपुर्द किया गया और ट्रैक्टर को सीज कर वाहन स्वामी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। थाना सेक्टर 20 क्षेत्र में ई-रिक्शा चला रहे नाबालिग को पकड़ा गया। पुलिस ने ई-रिक्शा को सीज कर नाबालिग के पिता बलराम शाह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। ग्रेटर नोएडा के थाना बीटा दो के परी चौक पर स्कूटर चलाते हुए पकड़े गए नाबालिग के पिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस ने स्कूटर को भी सीज कर दिया है। इसी थाना क्षेत्र में जगत फार्म गोल चक्कर के पास दो पहिया वाहन चला रहे दो नाबालिक को पकड़ा गया पुलिस ने दोनों स्कूटर को सीज कर किशोर के पिता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। वहीं थाना फेस 1 पुलिस ने भी नाबालिग द्वारा चलाए जा रहे ई-रिक्शा को सीज किया है। पुलिस ने नाबालिग चालक के पिता कलाम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

**214वीं बोर्ड बैठक में ....**

जिससे करीब 3000 फ्लैट खरीदारों को राहत मिलेगी। प्राधिकरण को अरबों रुपये का राजस्व मिलेगा। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए भूमि दरों में संशोधन किया गया है।

आवासीय भूखंडों पर निर्माण के लिए अतिरिक्त समय सीमा दी गई है। 12 वर्ष बाद भी निर्माण न करने वालों को 10 प्रतिशत वार्षिक शुल्क पर समय विस्तार मिलेगा। किसानों को आवंटित 5 प्रतिशत आवासीय भूखंडों पर निर्माण के लिए 5 वर्ष का नि:शुल्क समय दिया जाएगा।

भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा तैयार मानकीकृत विकास एवं भवन नियमों का अध्ययन करने के लिए समिति गठित की गई है। सेक्टर-151ए में अंतरराष्ट्रीय गोल्फ कोर्स के लिए नई सदस्यता शुरू करने की अनुमति दी गई। सेक्टर-91 के जैव विविधता पार्क में हिरण पार्क विकसित करने को सैद्धांतिक मंजूरी दी गई। सेक्टर-123 में 70 करोड़ रुपये की लागत से स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाने की परियोजना को मंजूरी दी गई।

**जीएसटी शुल्क को हड़प....**

शशांक सिंह राजपूत प्रतिमा जीएसटी शुल्क की डिमांड भेज देते थे उनके डिमांड पर प्रार्थी द्वारा उक्त धनराशि उन्हें बैंक खाते में भेज दी जाती थी। 6 अगस्त 2020 से 23 सितंबर 2021 तक उनके खाते में जीएसटी शुल्क जमा करने के लिए 6232105 रुपए ट्रांसफर किए गए। अक्टूबर माह में उन्होंने जीएसटी के लिए कोई डिमांड नहीं भेजी और ना ही सैलरी की मांग की। इस पर उन्हें शक हुआ। उन्होंने जब शशांक सिंह राजपूत के नंबर पर कॉल की तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की। इसके बाद उन्होंने कंपनी में नए सीए की नियुक्ति कर ऑडिट कराया। ऑडिट के दौरान पता चला कि जीएसटी शुल्क के रूप में भेजी गई 62 लाख 325 रुपए की धनराशि सरकारी कोष में जमा करने के बजाय शशांक सिंह राजपूत ने उसे गबन कर लिया है। थाना सूरजपुर प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

**गुलेल गैंग ने तीन ....**

कुछ देर बाद जब वह कार के पास आया तो उसका शीशा टूटा हुआ था। चोर कार में रखा लैपटॉप व बैग चोरी कर ले गए। बैग में सोने की चार अंगूठी, मंगलसूत्र व 5 हजार रुपए रखे हुए थे।

थाना सेक्टर-49 में सेक्टर-47 निवासी सुनील कुमार ने कार का शीशा तोड़कर लैपटॉप चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सुनील कुमार के मुताबिक वह बाल कटवाने के लिए सेक्टर-52 स्थित सैलून पर आया था। उसने अपनी कार सैलून के बाहर खड़ी कर दी। कुछ देर बाद जब बाल कटवाकर बाहर आया तो उसकी कार का शीशा टूटा हुआ था और उसमें रखा लैपटॉप व चार्जर गायब था। वहीं थाना सेक्टर-113 में सेक्टर-73 निवासी अरुणपाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसने अपना स्कूटर महादेव अपार्टमेंट के बाहर खड़ा किया हुआ था। चोरों ने उसके स्कूटर में रखे लैपटॉप चार्जर, माउस, मोबाइल चार्जर और कंपनी के महत्वपूर्ण दस्तावेजों को चोरी कर लिये। पुलिस के मुताबिक पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

**ऑटो, ई-रिक्शा,.....**

आनंद राज आनंद की बाइक पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। थाना फेस वन क्षेत्र के सेक्टर-1 की एक कंपनी के बाहर खडा टेंपो चोरी हो गया।

थाना बीटा दो में अभय कुमार पांडे ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसने 9 जुलाई को बीटा प्लाजा के सामने अपनी बाइक खड़ी की थी कुछ देर बाद जब वह बाइक लेने आया तो वह चोरी हो चुकी थी।

थाना दादरी क्षेत्र के ओमेक्स पाल्म ग्रीन सोसायटी के बाहर से आरिफ की बाइक चोरी हो गई। थाना दादरी में रेलवे रोड निवासी संजय शर्मा ने अपने बाइक चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस पीड़ितों की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई का दावा कर रही है बता दें कि चोर जनपद से रोजाना लाखों रुपए के वाहनों पर हाथ साफ कर रहे हैं। पुलिस वाहन चोरी पर अंकुश लगाने का दावा करती है लेकिन चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं।

**आबादी का प्लॉट ...**

वारिसान की हैसियत से इंद्रेश, सुमित, रोहित, मोहित, ज्योति नेता के नाम प्राधिकरण में दर्ज होना था। पीड़िता के मुताबिक उन्हें पता चला कि इंद्रेश व उसके परिजन ने 28 फरवरी को उक्त प्लाट धोखाधड़ी कर दयानंद के नाम ट्रांसफर कर दिया। ट्रांसफर करने से पूर्व आरोपियों ने ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण में झूठा शपथ पत्र देकर कहा कि उन्होंने इस प्लॉट का एग्रीमेंट मूल आवंटी ने किसी को नहीं किया है। रिछपाली के मुताबिक जब वह इस संबंध में बात करने में थापखेड़ा पहुंची तो आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और उन्हें भगा दिया।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है यह मामला न्यायालय के निर्देश पर दर्ज किया गया है।

**नामकरण में आई बुआ....**

आभूषणों का थैला निकाला और रूपम की मदद से अपने दोनों हाथों में कंगन तथा गले में पेंडेंट पहने इसके बाद बचे हुए गहनों को उन्होंने थैली में रखकर लॉकर में रख दिया और चाबी अलमीरा में रख दी। इसके बाद वह अपने काम में लग गई 3 जून को रूपम अपनी मां तथा बेटे के साथ अचानक से कैब बुककर उनके घर से चली गई। राजकुमार सिंह के मुताबिक उनकी पत्नी शेफाली सिंह ने जब अपने पहने हुए गहने वापस रखने के लिए 3 जून को लॉकर खोला तो लॉकर में रखे आभूषण गायब थे। शैफाली ने उसी दिन रूपम को फोन कर अपने गहने वापस मांगे लेकिन रूपम ने गहन होने से साफ इनकार कर दिया। उन्होंने जब गहने वापस देने के लिए दवाब दिया तो रूपम के पिता राजू राणा, रूपम तथा रूपम की मां ने उन्हें धमकाया और डराया। राजकुमार सिंह के मुताबिक उनके घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की वीडियो फुटेज में रूपम, रूपम का बेटा हार्दिक ज्वेलरी का बैग ले जाते हुए साफ दिख रहे हैं। उन्होंने बताया कि चोरी गए जेबरातों में सोने का कॉलर, इयररिंग, मंगलसूत्र, अंगूठी, झुमके, चंदा, सूरज, दो जोड़ी पायल, बिछुआ, हाथ के खंडवा, पैर के खंडवा आदि शामिल है। पीड़ित के मुताबिक चोरी गए जेवरात की कीमत 7 लाख रुपए से अधिक है।

**आत्महत्या के लिए....**

उनकी बेटी के पति की मृत्यु होने के बाद गांव के ही विजय कुमार ने उसकी बेटी के समक्ष शादी का प्रस्ताव रखा और शादी का झांसा देकर उससे फोन पर बात करता रहा कुछ वर्षों बाद उसने कहीं और शादी कर ली लेकिन उनकी बेटी से भी संबंध बनाए रखें और उसे लगातार शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना देता रहा उसकी बेटी ने इससे परेशान होकर 30 जून को जहरीला पदार्थ खा लिया इलाज के दौरान उसकी बेटी की मौत हो गई।

थाना प्रभारी में बताया कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

**बाइक एजेंसी के मालिक ....**

12 जुलाई के दोपहर को उनकी एजेंसी के ऑफिस में अकरम, अनस, सरवर व अन्य पांच अज्ञात लोग जबरन घुस आए। इन लोगों ने आते ही उनसे खर्चा पानी देने की मांग की। उन्होंने जब पैसे देने से इनकार किया तो आरोपियों ने गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने लोहे की रॉड, चाकू, लाठी आदि से हमला बोल दिया। आरोपियों ने एजेंसी संचालक सोनू शर्मा, कर्मचारी सौरभ आदि की पिटाई कर उन्हें घायल कर दिया। मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा होते देखकर आरोपियों ने पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी और फरार हो गए।

पीड़ित सोनू के मुताबिक आरोपी गुंडा प्रवृत्ति के लोग हैं और आए दिन इस तरह की घटनाओं को अंजाम देते हैं।थाना रबूपुरा प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

# वरिष्ठ साहित्यकार अधिदर्शक चतुर्वेदी का निधन

मिर्जापुर। वरिष्ठ साहित्यकार अधिदर्शक चतुर्वेदी का 11 जुलाई, 24 को रात में नोएडा में स्थित उनके पुत्र के आवास पर निधन हो गया। वह बीमार थे और वहाँ रहकर इलाज करा रहे थे। उनका मूल नाम अंजनी प्रताप चतुर्वेदी था। वह 76 वर्ष के थे। उनका पैतृक निवास जमानियां गाजीपुर था। सन् 2023 में उनकी दो साहित्यिक पुस्तकें 'आपके हाथ में गुलाब आये' (गजल संग्रह) और 'दोस्त आनन्द भवन रोता है' (कविता संग्रह) प्रकाशित हुई हैं। जिनका विमोचन मिर्जापुर के नारघाट स्थित शहीद उद्यान में हुआ था।



इसके पश्चात कुछ समय पूर्व राजनेता कवि भगौती चौधरी के काव्य संग्रह 'दीप जलाता हूँ एकता का' के विमोचन समारोह में मिर्जापुर के एक मंच पर लोगों से मुखातिब हुए थे।

वह एक क्रांतिकारी लेखक थे साथ ही काँग्रेस पार्टी की लम्बी परम्परा के समर्थक भी थे। उनके पारिवारिक सूत्रों के अनुसार उनका अंतिम संस्कार नोएडा तथा शेष अन्य कार्यक्रम मिर्जापुर में होंगे।

**मिर्जापुर का साहित्य जगत मर्माहत**

उनके निधन से साहित्यकार मर्माहत है और लोगों ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त की है।

शोक व्यक्त करने वालों में डॉ अनुज प्रताप सिंह, शरद मेहरोत्रा, वृजदेव पांडेय, प्रो रेनूरानी सिंह, डॉ वंदना मिश्रा, गणेश गंभीर, लल्लू तिवारी,डॉ रमाशंकर शुक्ल, जफर मिर्जापुरी, भोलानाथ कुशवाहा, अरविंद अवस्थी, केदार नाथ सविता, आनन्द अमित, डॉ अनुराधा ओस, लालव्रत सिंह सुगम, मुहिब मिर्जापुरी, खुर्शीद भारती, इम्तियाज अहमद गुमनाम, नंदिनी वर्मा, डॉ सुधा सिंह,इला जायसवाल,सारिका चौरसिया, पूजा यादव, हसन जौनपुरी, संतोषी निषाद, इरफान कुरैशी, अनिल यादव आदि हैं।

# मुठभेड़ में पुलिस की गोली से घायल हुआ बदमाश

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना फेस-3 पुलिस ने लूट की वारदात को अंजाम देने के इरादे से घूम रहे एक बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। जबकि इसका साथी मौके से फरार हो गया। सेंट्रल जोन के एडीसीपी ह्रदेश कठेरिया ने बताया कि थाना प्रभारी राजकुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान बाइक पर आ रहे दो युवक पुलिस को देखकर भागने लगे सेक्टर-67 के पास भागने के चक्कर में बदमाशों की बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। खुद को घिरा देखकर बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लगी और वह घायल होकर गिर गया। इस दौरान उसका साथी अंधेरा का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। एडीसीपी ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम अर्जुन शर्मा उर्फ छोटे पुत्र रमेश चंद्र निवासी ग्राम यवापुर जनपद बुलंदशहर बताया। इसके पास से तमंचा कारतूस व दो मोबाइल फोन बरामद हुए। पूछताछ में पकड़े गए अर्जुन शर्मा ने अपने फरार साथी का नाम गोलू निवासी सिरसा बताया। अर्जुन शर्मा ने बताया कि वह अपने साथी गोलू के साथ चोरी की अपाचे बाइक पर सवार होकर मोबाइल व पर्स लूटपाट की घटनाओं को अंजाम देता है। पकड़े गए बदमाश नहीं लूटपाट की कई वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

**महत्वपूर्ण सूचना**

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि उत्तर रेलवे द्वारा अतिरिक्त विशेष रेलगाड़ी सं. 04494/04493 दिल्ली जं. –गोरखपुर–दिल्ली जं. के बीच संचालित करने का निर्णय किया गया है जिसका विवरण निम्नानुसार है:

| रेलगाड़ी सं. 04494/04493 दिल्ली जं.–गोरखपुर जं.–दिल्ली जं. विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी | | | | 32 फेरे |
|---|---|---|---|---|
| रेलगाड़ी सं. 04494 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04493 | |
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 05:40 | दिल्ली जं. | 16:30 | ---- |
| 21:15 | ---- | गोरखपुर जं. | ---- | 00:15 |

चलने के दिन : 04494 दिल्ली जं. से दिनांक 13,15,17,20,22.07.2024, 07,10,12,14,17,19,21,24,26,28, 31.08.2024 को एवं 04493 गोरखपुर जं. से दिनांक 14,16,18,21,23.07.2024, 08,11,13,15,18, 20,22,25, 27,29.08.2024, 01.09.2024 को।

ठहराव: गाजियाबाद, पिलखुआ, हापुड, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, बालामऊ जं., लखनऊ, बाराबंकी जं., जरवल रोड, गोंडा जं., मनकापुर जं., बस्ती और खलीलाबाद स्टेशन

स्थान: शयनयान एवं सामान्य

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों की समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें : www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

2141/2024

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे आपकी सुविधा - हमारा ध्येय

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## बच्ची से तीन नाबालिग ने किया बलात्कार... डिप्टी सीएम पवन कल्याण गहरे सदमे में

अमरावती । 12 और 13 साल की उम्र के स्कूल छात्रों द्वारा 8 साल की बच्ची के साथ सामूहिक बलात्कार और हत्या पर आंध्र प्रदेश के डिप्टी सीएम पवन कल्याण ने कहा कि यह सुनकर मुझे गहरा सदमा लगा। इतना की अपराधी भी नाबालिग हैं। यह मेरे लिए काफी परेशान करने वाली बात है। यह शारीरिक शिक्षा के बारे में नहीं है, युवा दिमाग कई कारणों से भ्रष्ट हो रहे हैं... इससे स्कूल स्तर पर कड़ी सजा दी जाएगी, मुझे लगता है कि उन्हें संस्कृति के बारे में बताना होगा। बता दें कि आंध्र प्रदेश के नांदयाल जिले में तीन नाबालिग लड़कों ने नौ वर्षीय एक लड़की के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार कर बच्ची को नहर में धकेल दिया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। नांदयाल जिले के पुलिस अधीक्षक के. रघुवीर रेड्डी ने बताया कि यह घटना उस समय हुई जब बच्ची पार्क में खेल रही थी। उन्होंने कहा कि वहां लड़कों ने उसके साथ दुर्व्यवहार कर मचुमर्री सिंचाई नहर में धकेल दिया।

## हिमाचल में लैंडस्लाइड से यातायात बाधित, लोगों में आक्रोश, यात्री खुद हटा रहे मलबा

नाहन। हिमाचल प्रदेश के नाहन में हरिपुरधार-नौहराधार मार्ग पर लैंडस्लाइड होने से यात्री फंस गए और मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं। ऐसे में जाम में फंसे लोग ही खुद सड़क से मलबा हटाने में जुट गए हैं। वहां फंसे लोगों में आक्रोश है। उन्होंने प्रशासन पर आरोप लगाया कि पीडब्ल्यूडी की तरफ से यहां पर जेसीबी तैनात नहीं है। प्रशासन को सूचना देने के बावजूद कोई जिम्मेदारी भरा कदम नहीं उठाया जा रहा है। बता दें कि पूरा मामला जिला सिरमौर के उपमंडल संगडाह के अंतर्गत का है। यहां पर मुख्य मार्ग हरिपुरधार-नौहराधार के बीच नजदीक मार्ग पर भारी भूस्खलन से रास्ता बंद हो गया है। पिछले कई घंटों से यातायात ठप है और लोग खुद ही यातायात बहाल करने के लिए प्रयास कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि नोहराधार-हरिपुरधार सड़क के बीच एक नजदीकी मार्ग भारी भू स्खलन के चलते बंद हो गया है। स्थानीय लोग जेसीबी मशीन तैनात करने को लेकर पीडब्ल्यूडी से मांग करते आए हैं लेकिन विभाग ने कोई बंदोबस्त नहीं किया। आज भी मार्ग पर भूस्खलन होने से रास्ता बंद हो गया है। विभाग को सूचना देने के बाद भी मार्ग को खोलने के लिए मशीन नहीं पहुंची और न ही विभाग के कर्मी। इसके बाद मार्ग पर फंसे लोग ही खुद मलबा हटाने में जुट गए हैं।

## रेलवे का सर्वर डाउन, बुक नहीं हो रहे टिकट, लोग हो रहे परेशान

नई दिल्ली। ट्रेन का टिकट बुक करने रेलवे की वेबसाइट आईआरसीटीसी शुक्रवार सुबह से ठप है। लोग टिकट बुकिंग करने के लिए परेशान हो रहे हैं। डाउन डिटेक्टर के मुताबिक आईआरसीटीसी की वेबसाइट और मोबाइल ऐप दोनों सर्विस बंद है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर इस बारे में कई लोगों ने शिकायत भी की। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पूर्व मध्य रेल और ईस्टर्न रेलवे का सर्वर ठप होने से टिकट बुकिंग में दिक्कत आ रही है। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों टिकट बुकिंग सर्वर ठप होने के कारण टिकट बुक नहीं हो पा रही है। सर्वर ठप होने से तत्काल और सामान्य टिकट लेने वाले सबसे ज्यादा परेशान हो रहे हैं। कुछ यूजर्स ने शिकायत भी की है कि खासकर बिहार रूट की ट्रेनों पर उन्हें टिकट बुक करने में दिक्कत आ रही है। वहीं, कुछ यूजर्स का कहना है कि गुरुवार शाम से ही उन्हें टिकट बुकिंग में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

## यूसीसी रिपोर्ट के चार खंड जारी, मुस्लिम लॉ बनाने पढ़े गए कई धार्मिक ग्रंथ

देहरादून। यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) रिपोर्ट को सार्वजनिक कर दिया गया है। समिति ने कहा कि मुस्लिम लॉ बनाने के लिए सिया और सुन्नी समुदाय के कई धर्म ग्रंथों का अध्ययन किया गया। रूल्स मेकिंग एंड इम्प्लिमेंटेशन कमेटी के चेयरमैन शत्रुघ्न सिंह ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता की उनके साथ कमेटी के मेंबर एडीजी अमित सिन्हा, सामाजिक कार्यकर्ता मनु गौड़ और दून यूनिवर्सिटी की वीसी सुरेखा डंगवाल मौजूद थे। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर यूसीसी रिपोर्ट आम जनता से साझा नहीं हो पाई थी। अब चारों खंडों की रिपोर्ट और नियमावली का आज लोकार्पण किया जा रहा है। कमिटी ने रिपोर्ट के चार खंड शेयर किए है साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि बीआर आम्बेडकर ने भी यूसीसी की पुरज़ोर वकालत की थी। यूसीसी रिपोर्ट में जनसंख्या नियंत्रण कानून का भी जिक्र है। हालांकि इसे सरकार ने यूसीसी कानून में शामिल नहीं किया है। इसके अलावा यूसीसी की रिपोर्ट में गोद लेने के अधिकार को लेकर भी बात कही गई लेकिन इसे भी कानून में शामिल नहीं किया है। सरकार की तरफ से यूसीसी रिपोर्ट के वॉल्यूम 1 और वॉल्यूम 3 को सार्वजनिक किया जाएगा। उत्तराखंड में यूसीसी पर शोध रिपोर्ट जारी होगी जो रिपोर्ट यूसीसी का आधारित थी, उसे आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। इस कदम का उद्देश्य लोगों को यूसीसी के बारे में जागरूक करना है उम्मीद है कि अक्टूबर तक यूसीसी राज्य में लागू हो जाएगा।

## कश्मीर में लगे भूकंप के झटके, लोगों में दहशत

कश्मीर। कश्मीर में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं जिसकी तीव्रता 4 की मापी गई। इन भूकंप के झटकों से लोग दहशत में आ गए। भूकंप दोपहर करीब 12-26 बजे आया इसका केंद्र शितलू से तीन किमी दूर था। भूकंप से भारत और पाकिस्तान दोनों देश के प्रभावित होने की खबर है। फिलहाल किसी भी तरह के नुकसान की खबर नही है। बता दें कि इससे पहले जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में भूकंप आया था। यह भूकंप 4 अप्रैल को आया था। अधिकारियों ने बताया था कि दोनों भूकंपों का केंद्र किश्तवाड़ ही था। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक किश्तवाड़ में रात 11 बजकर एक मिनट पर 3.2 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई में था। फिलीपींस के दक्षिणी हिस्से सुल्तान कुदारत प्रांत में गुरुवार सुबह भूकंप के तेज झटके लगे। रिक्टर स्केल पर भूंकप की तीव्रता 7.0 बताई जा रही है। भूकंप के भीषण झटकों से लोगों में दहशत फैल गई। झटके महसूस होते ही लोग अपने घरों से बाहर निकल आए।

## भाजपा के निशाने पर आए उमर, कश्मीर के हालातों पर ठहराया जिम्मेदार

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भाजपा के निशाने पर आ गए हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला ने जम्मू-कश्मीर के हालात बदतर बताने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला पर निशाना साधा है। उनका कहना है कि राज्य के हालात आतंकवादी, अलगाववादी और उमर अब्दुल्ला जैसे नेताओं के लिए ही बदतर हैं। अब नरेंद्र मोदी की सरकार आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के निर्णायक दौर में है। उमर अब्दुल्ला द्वारा जम्मू-कश्मीर की जनता के खुद अपना फैसला करने और मौजूदा हालातों में इलेक्शन नहीं कराने के बयान पर प्रेम शुक्ला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर की आवाम भारत की ही आवाम है और इस देश में गणतंत्र है। गणतंत्र में हर नागरिक अपना फैसला खुद करता है। अब्दुल्ला क्या बात करना चाह रहे हैं? अगर अब्दुल्ला अलगाववादियों की बात करना चाहते हैं, तो अलगाववाद को ठीक करना संप्रभु भारत का दायित्व है, अब्दुल्ला को इस बात का भी ख्याल होना चाहिए जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के बयान, जम्मू-कश्मीर में धारा 370 खत्म होने के बाद, 1996 से भी बदतर हालात हैं, पर प्रेम रत्न शुक्ल ने कहा कि आतंकवादियों के लिए हालात निश्चित तौर पर 1996 से बदतर हैं। आतंकवादियों के बल पर राजनीति चमकाने वाले अब्दुल्ला और उनके जैसे नेताओं के लिए भी मुश्किल हालात हैं। लेकिन जम्मू और कश्मीर और देश की जनता आतंकवाद के खिलाफ नरेंद्र मोदी सरकार की लड़ाई का निर्णायक दौर देख रही है। उन्होंने कहा कि, जिस तरह से आतंकवादियों की मांद में घुसकर उनको खत्म किया गया है, उसको देखकर अब्दुल्ला जैसे नेता आतंकवादियों के चीयरलीडर बन गए हैं और इन जिहादियों के चीयरलीडर्स को भारत और कश्मीर की जनता भी अब भली-भांति पहचानती है।

## 13 दिन... 2.66 लाख तीर्थयात्री ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन

जम्मू। अमरनाथ यात्रा 2024 लगातार जारी है। बीते 13 दिनों में 2.66 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री बाबा बर्फानी के दर्शन कर चुके हैं। शुक्रवार सुबह जम्मू से 4,434 श्रद्धालुओं का एक और जत्था कश्मीर के लिए रवाना हुआ है। श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) के अधिकारियों ने बताया कि इस साल अमरनाथ यात्रा के लिए आने वाले यात्रियों की संख्या में कोई कमी नहीं है। उत्साही तीर्थयात्रियों का आना जारी है।

# आप पर बीजेपी का हमला... अतिशी और सौरभ भारद्वाज तैयार रहें





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली शराब नीति मामले में सुप्रीम कोर्ट से अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत मिलने के बाद आम आदमी पार्टी और बीजेपी में वार-पलटवार का दौर शुरू हो गया है। आप ने जहां फैसले को ऐतिहासिक जीत बताया है। वहीं बीजेपी ने लालू यादव को मिली अंतरिम बेल से केजरीवाल की तुलना की है।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आप पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल के जो नए करीबी लालू यादव हैं, उन्हें भी अंतरिम बेल मिली थी लेकिन बाद में दोषी सिद्ध होने पर उन्हें जेल में जाना पड़ा। भाजपा नेता सचदेवा ने कहा कि शराब नीति में आप और केजरीवाल ने जो घोटाला किया है, जो चोरी की है उस पर निर्णय अभी बाकी हैइतना ही नहीं अतिशी और सौरभ भारद्वाज को तैयार रहना चाहिए, क्योंकि केजरीवाल जो शराब घोटाले के मुख्य अभियुक्त हैं उन्होंने घोटाले में इनका भी नाम लिया है। वहीं आप पार्टी ने केजरीवाल को जेल में रखने की साजिश करार देकर कहा कि यह समय की बात है कि वे लोगों की सेवा में वापस लौटकर आएंगें। वरिष्ठ आप नेता और सरकार में मंत्री आतिशी ने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा जानती थी कि सुप्रीम कोर्ट राउज एवेन्यू कोर्ट के फैसले (केजरीवाल को जमानत देने) पर अपनी मुहर लगाएगा, इसकारण भाजपा ने सुप्रीम कोर्ट में मामले में फैसले के तुरंत बाद उन्हें गिरफ्तार करने के लिए अपने एक और हथियार, सीबीआई का इस्तेमाल किया। आतिशी ने पूछा कि उन्हें सीबीआई ने क्यों गिरफ्तार किया? क्योंकि उन्हें पता था कि अगर उन्हें ईडी मामले में जमानत मिल जाती है, तब वे बाहर आकर दस गुना तेजी से काम करना शुरू करने वाले है। आतिशी ने कहा कि मैं आज भाजपा को बताना चाहती हूं कि देश की हर अदालत ने एक-एक करके आपकी साजिश को उजागर किया हैहर अदालत ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कोई सबूत नहीं है और हर अदालत उन्हें जमानत दे रही है।

## जो करेगा जात की बात.... उसे मारूंगा कसकर लात : गडकरी



नई दिल्ली । भारतीय जनता पार्टी के नेता और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने जातिआधरित राजनीति करने वाले नेताओं पर निशाना साधा है। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि महाराष्ट्र में वर्तमान में जातिवाद की राजनीति हो रही है। मैं किसी भी तरह के जात-पात को नहीं मानता हूं और जो इसकी बात करेगा मैं उस कसरक लात मारूंगा। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि मेरे संसदीय क्षेत्र में करीब 40 फीसदी मुसलमान वोटर हैं। मैंने उन्हें पहले ही बता दिया था कि मैं आरएसएस वाला हूं और हाफ चड्ढी वाला हूं। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि किसी को वोट देने से पहले सोच लो कि बाद में पछताना ना पड़े। गडकरी ने कहा कि जो मुझे वोट देगा उनका भी काम होगा और जो वोट नहीं देगा उनका काम भी मैं करूंगा। भाजपा नेता गडकरी ने कहा कि कोई भी शख्स जाति के आधार पर बड़ा नहीं होता है। गरीबी, भूखमरी और रोजगार सबके लिए है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सिलेंडर हो या कोई अन्य चीज अगड़ी और पिछड़ी जाति के लोग एक ही दम पर खरीदते हैं। साथ ही गडकरी ने कहा कि पेट्रोल और डीजल भी हिंदू और मुसलमान एक ही कीमत पर खरीदते हैं।

# 3 हफ्तों में गिरे 17 पुल, तेजस्वी यादव बोले- 18 वर्षों के सुशासनी भ्रष्टाचार के मीनार गिर रहे है



**पटना (एजेंसी)।** बिहार में पुल ताश के पत्तों की तरह एक के बाद एक ढह रहे हैं - कुछ बिल्कुल नए और कुछ अभी भी निर्माण चरण में हैं। हालांकि, यह पहला मौका नहीं है, बिहार हमेशा से ही पुल टूटने के मामले में कुख्यात रहा है। अभी कुछ साल पहले ही भागलपुर में गंगा पर बना नया पुल टूट गया था। भारी मॉनसून के अलावा बिहार में पुल गिरने के और भी बहाने सामने आ रहे हैं। खुद नीतीश कुमार ने गहन जांच के निर्देश दिया है। फिलहाल इसको लेकर राजनीति भी खूब हो रही है।

राजद नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने दावा किया है कि बिहार में 3 हफ्तों में 17 पुल गिरे हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा कि बिहार में पुल नहीं 18 वर्षों के सुशासनी भ्रष्टाचार के मीनार गिर रहे है। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन पुल गिरने के मामले में एनडीए सरकार ने भ्रष्टाचार और कुशासन के मामले में विश्वरिकॉर्ड बनाया है। विगत 3 हफ्तों में अभी तक सिर्फ़ 17 ही पुल गिरे है। पुलियों के गिरने और धँसने की तो कोई गिनती ही नहीं।

इससे पहले बिहार सरकार ने शुक्रवार को राज्य में पिछले कुछ दिनों में कई पुलों के ध्वस्त होने की घटनाओं के सिलसिले में 14 अभियंताओं को निलंबित कर दिया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। जांच समिति द्वारा जल संसाधन विभाग को जांच रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद यह निर्णय लिया गया। जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद ने यहां संवाददाताओं से कहा कि जांच में अभियंता लापरवाह और निगरानी को अप्रभावी पाया गया जिसके कारण राज्य में कई छोटे पुल ढह गए।

वहीं, बिहार के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने बिहार में पुल ढहने की हालिया घटनाओं के लिए पूर्व राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सरकार को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि केवल राजद कार्यकाल के दौरान बनाए गए पुल ही टूट रहे हैं। कुमार ने कहा कि राजद कार्यकाल के दौरान बने पुल टूट रहे हैं। उन्होंने पुलों का निर्माण तो किया लेकिन रखरखाव की कोई नीति नहीं बनाई। हम जल्द ही एक रखरखाव नीति लाएंगे। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। राज्य के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरुवार को कहा कि जांच जारी है और लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मैं एक-एक चीज की जांच करा रहा हूं।' मैंने त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिये हैं।

## मानहानि मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट ने राहुल गांधी को दी राहत

**– भिवंडी कोर्ट के आदेश को किया रद्द**



**मुंबई (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को राहत देते हुए, बॉम्बे हाईकोर्ट ने शुक्रवार को भिवंडी अदालत के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें आरएसएस कार्यकर्ता द्वारा पूर्व कांग्रेस प्रमुख के खिलाफ दायर आपराधिक मानहानि मामले में सबूत के रूप में कुछ दस्तावेजों की अनुमति दी गई थी। राहुल गांधी ने एक याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि ट्रायल कोर्ट ने आरएसएस पदाधिकारी राजेश कुंटे को कुछ दस्तावेज देर से पेश करने की अनुमति दी थी।

हाईकोर्ट ने कहा कि आक्षेपित आदेश को रद्द किया जाता है और अलग रखा जाता है। मजिस्ट्रेट अदालत को कानून के मुताबिक मुकदमे को आगे बढ़ाने का निर्देश देता है और पार्टियों से अपेक्षा करता है कि वे मामले को शीघ्रता से निपटाने में मदद करें। तीन जून को, ठाणे की भिवंडी कोर्ट ने आरएसएस पदाधिकारी द्वारा प्रस्तुत कुछ दस्तावेजों को रिकॉर्ड पर ले लिया, जो मामले में शिकायतकर्ता हैं। कोर्ट ने कथित मानहानिकारक बयान की प्रतिलेख को साक्ष्य के रूप में स्वीकार किया, जो मानहानि मुकदमे के आधार के रूप में कार्य किया।

इसे राहुल गांधी द्वारा उच्च न्यायालय के समक्ष इस आधार पर चुनौती दी गई थी कि मजिस्ट्रेट का आदेश उसी मानहानि की शिकायत से संबंधित कुंटे द्वारा दायर एक अन्य याचिका में उच्च न्यायालय के एकल न्यायाधीश के आदेश का उल्लंघन था। 2021 में, एकल-न्यायाधीश न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे ने आरएसएस पदाधिकारी द्वारा दायर एक याचिका को खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने वरिष्ठ कांग्रेस नेता द्वारा दिए गए कथित अपमानजनक भाषण को स्वीकार करने या अस्वीकार करने की मांग की थी।

अपनी याचिका में राहुल गांधी ने दावा किया कि होईकोर्ट के 2021 के आदेश के बावजूद, मजिस्ट्रेट उन्हीं दस्तावेजों को रिकॉर्ड पर लेने के लिए आगे बढ़े, जो उन्हें दस्तावेजों को स्वीकार करने या अस्वीकार करने के लिए मजबूर करेगा। यह मामला 2014 में तब सामने आया जब कुंटे ने कांग्रेस नेता पर एक भाषण में अपमानजनक बयान देने का आरोप लगाया था।

## पूर्व सीएम जगन मोहन के खिलाफ हत्या का केस दर्ज, दो आईपीएस के भी नाम

सत्ता जाने के बाद आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही है। दरअसल, जगन मोहन रेड्डी और दो वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों सहित पांच लोगों पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है। टीडीपी विधायक की शिकायत के बाद ऐसा किया गया है। जिन दो आईपीएस अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है वो हैं पूर्व सीआईडी प्रमुख पीवी सुनील कुमार और पूर्व खुफिया प्रमुख पीएसआर अंजनेयुलु। पुलिस ने पांचों आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 120 बी, 166, 167, 197, 307, 326, 465 और 506 के साथ धारा 34 के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) लागू कर दी क्योंकि मामला तीन साल पुराना है। मामला गुंटूर के नगरमपलेम पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया था। अपनी शिकायत में, उंडी विधायक के रघुराम कृष्ण राजू ने आरोप लगाया कि उन्हें 2021 में हैदराबाद में सीआईडी द्वारा गिरफ्तार किया गया था।

## गवर्नर सीवी आनंद बोस के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची ममता सरकार

**श्रीनगर (एजेंसी)।** ममता बनर्जी सरकार ने राज्यपाल सीवी आनंद बोस पर आठ विधेयकों को मंजूरी नहीं देने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार, राज्य सरकार ने शुक्रवार को अपनी याचिका में आरोप लगाया है कि राजभवन की देरी से उन लोगों के कल्याण पर असर पड़ रहा है जिनके लिए बिल सदन में पारित किए गए थे। वकील आस्था शर्मा ने याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने के लिए याचिका दायर की थी, और भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने शीघ्र सुनवाई पर विचार करने पर सहमति व्यक्त की है। याचिका में दावा किया गया है कि 2022 से पारित आठ विधेयकों को बिना किसी कार्रवाई के छोड़ दिया गया है, जिससे राज्य विधानसभा के प्रयास अप्रभावी हो गए हैं। पश्चिम बंगाल सरकार ने यह भी तर्क दिया है कि वह आठ प्रमुख विधेयकों के संबंध में राज्यपाल के कार्यों और निष्क्रियताओं के कारण उत्पन्न संवैधानिक संकट का हवाला देते हुए, भारत के संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाने के लिए मजबूर थी। राज्य ने आरोप लगाया है कि राज्यपाल ने संवैधानिक आदेशों का उल्लंघन करते हुए बिना वैध कारणों के संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत सहमति रोक दी है। याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट से यह घोषित करने का आग्रह किया है कि राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने अपने सचिव के माध्यम से राज्य विधानमंडल द्वारा पारित विधेयकों पर विचार न करने और सहमति न देने के साथ-साथ फाइलों पर विचार करने में विफल रहकर असंवैधानिक, अवैध, मनमाने ढंग से और अनुचित तरीके से काम किया है। सरकारी आदेश और राज्य सरकार द्वारा उसकी मंजूरी के लिए भेजी गई नीतियां।

# तेज बारिश से यूपी के 7 जिलों में बाढ़ के हालात, 800 गांव में 20 लाख लोग प्रभावित

**–बद्रीनाथ रूट तीन दिन से बंद, हजारों श्रद्धालु फंसे**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तेज बारिश के कारण नेपाल-यूपी बॉर्डर के करीब 7 जिलों में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर और महराजगंज के करीब 800 गांव में 20 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। इन लोगों को बचाने एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें रेस्क्यू में जुटी हैं।

नेपाल में हो रही तेज बारिश के कारण यूपी की कई नदियां उफान पर हैं। दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर शाहजहांपुर में करीब 2 से 3 फीट पानी भर गया है। इस कारण हाईवे का एक हिस्सा बंद किया गया है। गाड़ियों को डाइवर्ट करके निकाला जा रहा है। शाहजहांपुर के मेडिकल कॉलेज में भी पानी भरने के बाद मरीजों को शिफ्ट किया गया था। उधर, उत्तराखंड में लगातार पांच दिन से हो रही बारिश और भूस्खलन के कारण 200 सड़कें बंद हैं। सबसे खराब हालात बद्रीनाथ रूट पर है, जहां 22 जगह लैंडस्लाइड से चार धाम यात्रा मार्ग 3 दिन से बंद है। 4 हजार श्रद्धालु सड़कों पर फंसे हैं।

देश की कारोबारी राजधानी मुंबई में देर रात और सुबह तेज बारिश के कारण सड़कों और रेलवे ट्रैक पर पानी भर गया। ट्रेन और फ्लाइट सर्विस भी प्रभावित हुई हैं। इंडिगो एयरलाइंस ने भी एडवाइजरी जारी कर कहा है कि फ्लाइट्स के टेक-ऑफ में देरी हो सकती है।

उत्तर प्रदेश के कई जिलों में नदियों में बाढ़ आ गई है। शाहजहांपुर में एनडीआरएफ को रेस्क्यू के लिए लगाया गया है। पीलीभीत के डैम से छोड़े पानी के बाद गर्रा नदी उफान पर है। इसके बाद शाहजहांपुर के 70 गांवों में बाढ़ आ गई है। यहां 4 से 5 फीट तक पानी भर गया है। लोग अपना घर छोड़ चुके हैं। लोगों का कहना है कि 2008 के बाद ऐसी बाढ़ आई है।

# महंगाई और बेरोजगारी का असर दुनिया के सभी देशों में

**– सरकारों के खिलाफ दुनिया भर में नाराजी**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दुनिया के सभी देशों में महंगाई और बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। इसका असर मौजूदा सरकारों पर पड़ रहा है। दुनिया के लगभग 55 देशों में इस वर्ष चुनाव होने जा रहे हैं। अधिकांश सरकारों को चुनाव में करारी पराजय का सामना करना पड़ रहा है।

2024 में अभी तक विभिन्न देशों में 200 करोड़ से अधिक लोग मतदान कर चुके हैं। नतीजा स्वरूप जिन देशों में जो सरकारें थी। उन्हें पराजय का सामना करना पडा है। भारत में वर्तमान सरकार को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला। वहीं ब्रिटेन में सरकार को करारी पराजय झेलनी पड़ी। फ्रांस में भी यही स्थिति देखने को मिली है। कुछ ही महीनो में लगभग 40 देश में चुनाव होने जा रहे हैं। यहां पर भी महंगाई और बेरोजगारी के कारण अभी तक जो दक्षिण पंथी ताकतें मजबूती के साथ सत्ता में बनी हुई थी। उनके खिलाफ बड़ा जनरोष देखने को मिल रहा है।

मतदाताओं के बीच महंगाई, बेरोजगारी, राष्ट्रवाद, प्रवासियों, जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दे चुनाव में बड़ा असर डाल रहे हैं। विभिन्न देशों के चुनाव सर्वेक्षण यह बात सामने आ रही है। महंगाई और बेरोजगारी के कारण विचारधारा भी अब नेपथ्य में जाती हुई दिख रही है। अमेरिका जैसे देश में बदलाव की बयार बह रही है। मतदाता महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक समस्याओं को लेकर इस समय सबसे ज्यादा परेशान है। चुनाव के दौरान मतदाता नाराजी के कारण वर्तमान में जो सरकारें हैं। उनके खिलाफ खुलकर मतदान कर रहे हैं। अमेरिका में वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिका के मतदाता पसंद नहीं कर रहे हैं। वैश्विक तनाव, बेरोजगारी और महंगाई ही मुख्य कारण माना जा रहा है। अमेरिका के चुनाव परिणाम भी काफी आश्चर्यजनक होंगे। ऐसा कहा जा रहा है।

# भारतीय क्रिकेट टीम चौथे टी20 में जिम्बाब्वे को हराकर सीरीज जीतने उतरेगी

**हरारे (एजेंसी)।** शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम शनिवार को यहां चौथे टी20 मैच में जिम्बाब्वे को हराकर सीरीज अपने नाम करने उतरेगी। भारतीय टीम पांच मैचों की टी20 सीरीज में अभी 2-1 से आगे है। पहले मैच में मेजबान टीम के हाथों मिली हार के बाद वापसी करते हुए भारतीय टीम ने दूसरा और तीसरा मैच जीता है। अब भारतीय टीम के बल्लेबाज और गेंदबाज लय में आ गये हैं। ऐसे में उसे इस मैच में जीत का प्रबल दावेदार बताया जा रहा है। टीम के कप्तान शुभमन गिल ने पिछले मैच में अर्धशतक लगाया था और वह उस प्रदर्शन को जारी रखना चाहेंगे। टीम की ओर से दूसरे मैच में आतिशी शतक गाने वाले अभिषेक भी इस मैच में एक बार फिर बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। यशस्वी जायसवाल ने भी पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था।

टीम के पास ऑलराउंडर के तौर पर सुंदर हैं। स्पिन गेंदबाज होने के साथ वह निचले क्रम के अच्छे बल्लेबाज भी हैं। पिछले मैच में सुंदर ने काफी अच्छी गेंदबाजी की थी। टीम के पस स्पिनर रवि बिश्नोई भी हैं। रवि ने अब तक हुए मैचों में जबरदस्त गेंदबाजी कर मेजबानों पर अंकुश लगाया हुआ है। बिश्नोई के अलावा तेज गेंदबाज आवेश खान और वॉशिंगटन ने भी अब तक छह-छह विकेट लिए हैं। मुकेश कुमार को पिछले मैच में आराम दिया गया था ऐसे में इस मैच में वह आवेश की जगह उतर सकते हैं।

वहीं अवसर मिलने परसंजू सैमसन और शिवम दुबे भी इस मैच में बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। दूसरी ओर मेजबान टीम की राह बेहद कठिन है। उसके बल्लेबाज और गेंदबाज भारतीय टीम के सामने काफी कमजोर साबित हुए है। उसे अगर इस मैच में उलटफेर करना है तो कप्तान सिकंदर रजा के साथ ही तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजाराबानी और डियोन मायर्स को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। इसके अलावा अन्य खिलाड़ियों को भी योगदान दोना होगा।




### टीम

**भारत =** शुभमन गिल (कप्तान), अभिषेक शर्मा, रुतुराज गायकवाड़, शिवम दुबे, रियान पराग, संजू सैमसन (विकेट कीपर), रिंकू सिंह, वाशिंगटन सुंदर, अवेश खान, मुकेश कुमार, रवि बिश्नोई।

**जिम्बाब्वे =** सिकंदर रजा (कप्तान), वेस्ली मधेवेरे, इनोसेंट काइया, ब्रायन बेनेट, डायोन मायर्स, जॉनथन कैंपबेल, क्लाइव मडांडे (विकेट कीपर), वेलिंगटन मसाकाद्जा, ल्यूक जोंगवे, ब्लेसिंग मुजारबानी, टेंडाई चतारा।

# विराट को नहीं जानते फुटबॉलर इब्राहिमोविच



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्वीडन के पूर्व पेशेवर फुटबॉलर ज्लाटन इब्राहिमोविच ने कहा है कि वह विराट कोहली को नहीं जानते हैं। स्ट्राइकर इब्राहिमोविच ने एक साक्षात्कार में कहा है कि वह क्रिकेट नहीं देखते इसलिए विराट नाम के किसी व्यक्ति को नहीं जानते। मेरिका के सोशल मीडिया स्टार डैरेन जेसन वॉट्किंस जूनियर के साथ बातचीत के दौरान इब्राहिमोविच ने ये बातें कहीं। इस फुटबॉलर ने कहा है कि वह किसी का अपमान नहीं कर रहे पर ये भी सच है कि वह किसी विराट को नहीं जानते। इब्राहिमोविच जहां विराट से काफी काफी धनी हैं और उनकी नेटवर्थ विराट से तीन गुनी ज्यादा है। वहीं फालोवर्स की बात करें तो वह विराट से कहीं पीछे हैं।

इब्राहिमोविच के इंस्टाग्राम पर 64 मिलियन फॉलोवर्स हैं जबकि विराट के 270 मिलियन। इस प्रकार फॉलोवर्स के मामले में उनकी लोकप्रियता विराट से काफी कम है। वहीं नेटवर्थ में विराट उनसे काफी पीछे हैं। जहां विराट की नेटवर्थ 1000 करोड़ के करीब है तो वहीं, इब्राहिमोविच की नेटवर्थ विराट कोहली से 15 गुना अधिक है। इब्राहिमोविच की नेटवर्थ करीब 15000 करोड़ रुपए के करीब है। वह ब्रांड एंडोर्समेंट के जरिए अरबों रुपए की कमाई करते हैं। विराट जहां अपनी बल्लेबाजी के लिए जाते जाते हैं। वहीं इब्राहिमोविक अपने कलाबाज स्ट्राइक और वॉली, तकनीक और गेंद पर नियंत्रण के साथ-साथ अपने शारीरिक प्रभुत्व के लिए जाने जाते हैं। उन्हें अब तक के सबसे महान स्ट्राइकरों में से एक माना जाता है और वे दुनिया के सबसे सम्मानित फुटबॉलरों में से एक हैं, जिन्होंने अपने करियर में 34 ट्रॉफी जीती हैं। उन्होंने 570 से अधिक करियर गोल भी किए हैं, जिनमें 500 से अधिक क्लब गोल शामिल हैं.

## इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को रौंदा, एंडरसन ने 704 विकेट के साथ टेस्ट करियर खत्म किया



**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने दूसरी पारी में 32 रन पर तीन विकेट चटकाकर पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन वेस्टइंडीज के खिलाफ अपनी टीम को एकतरफा जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। पहली पारी में 121 रन बनाने वाली वेस्टइंडीज की टीम दूसरी पारी मैच के तीसरे दिन शुरुआती घंटे के अंदर 136 रन पर सिमट गयी। इंग्लैंड ने पारी और 114 रन से यादगार जीत दर्ज की। एंडरसन ने अपने करियर के आखिरी और 188वें टेस्ट मैच में कुल चार विकेट झटके जिससे इस प्रारूप में उनका करियर 704 विकेट के साथ खत्म हुआ। वेस्टइंडीज ने दिन की शुरुआत छह विकेट पर 79 रन से आगे से की, टीम इस समय इंग्लैंड से 171 रन पीछे थी। एंडरसन ने जोसुआ डिसिल्वा को आउट कर इंग्लैंड को दिन की पहली सफलता दिलायी। एंडरसन की बाहर निकलती गेंद डिसिल्वा के बल्ले का किनारा लेते हुए विकेटकीपर के दस्ताने में चली गयी।

उन्हें एक और सफलता मिल जाती लेकिन उन्होंने गुडाकेश मोती (नाबाद 31) का कैच खुद ही टपका दिया। गट एटकिंसन ने आखिरी के तीनों विकेट चटकाकर पारी में पांच और मैच में कुल 12 विकेट लेकर अपने पदार्पण को यादगार बनाया। वह 1946 में एलेक बेडसर के बाद घरेलू मैदान पर एक टेस्ट में 10 विकेट लेने वाले इंग्लैंड के पहले गेंदबाज बन गए। एंडरसन टेस्ट में 700 से अधिक विकेट लेने वाले इकलौते तेज गेंदबाज है। वह मुथैया मुरलीधरन (800) और शेन वार्न (708) के बाद इस प्रारूप के तीसरे सबसे सफल गेंदबाज हैं।

## हम हर मैच जीतना चाहते हैं, पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप मैच से पहले बोली हरमनप्रीत कौर




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कप्तान हरमनप्रीत कौर का मानना है कि भारतीय महिला टीम हर मैच को जीतने के इरादे से मैदान पर उतरती है और इस महीने के अंत में पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप के मैच के दौरान भी उसका यही लक्ष्य होगा। भारत ने हाल ही में घरेलू सरजमीं पर दक्षिण अफ्रीका को तीन मैचों की वनडे श्रृंखला और एकमात्र टेस्ट में हराने के बाद टी20 श्रृंखला को 1-1 की बराबरी पर खत्म किया। दक्षिण अफ्रीका पर मिली जीत से भारतीय टीम का हौसला बढ़ा हुआ है।

हरमनप्रीत ने कहा, 'अभी हमारा दृष्टिकोण कुछ ऐसा है कि हम सभी मैचों को समान महत्व दे रहे हैं। सभी हर मैच को जीतने की कोशिश करते हैं और हमें लगता है कि एक टीम में यही होना चाहिए। टीम में हर कोई यही महसूस कर रहा है।' भारतीय टीम अब 19 जुलाई से शुरू होने वाले एशिया कप में चुनौती पेश करेगी। एशिया कप की मेजबानी श्रीलंका कर रहा है और भारतीय टीम दांबुला में चिर-परिचित पाकिस्तान के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी।

हरमनप्रीत ने कहा कि कप्तान के तौर पर यह उनकी जिम्मेदारी है कि वह ऐसे मैचों के दौरान अपनी टीम पर दबाव हावी नहीं होने दे। उन्होंने कहा, 'जब आप पाकिस्तान के खिलाफ खेलते हैं तो दोनों देशों में एक अलग माहौल होता है। दोनों देश चाहते हैं कि उनकी टीम जीते।' भारतीय कप्तान ने कहा, ''एक खिलाड़ी के रूप में हमारे लिए बहुत दबाव है। लेकिन एक कप्तान के रूप में यह मेरी जिम्मेदारी है कि मैं अपनी टीम को उस माहौल में तनाव से दूर रखूं ताकि वे यह न सोचें कि हम पाकिस्तान के खिलाफ खेल रहे हैं या यह दबाव है।'

भारत और पाकिस्तान के बीच खेले जाने वाला कोई भी मुकाबला दबाव से भरा होता है लेकिन हरमनप्रीत ने कहा कि वह इसे किसी अन्य मैच की तरह ही लेती है। मध्यक्रम की बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स ने कहा कि टीम महिला एशिया कप में अपनी संभावनाओं को लेकर उत्साहित है। दायें हाथ की इस बल्लेबाज ने कहा, 'टीम में उत्साह बहुत अधिक है। यह एक अच्छा एहसास है, लेकिन उससे भी अधिक यह जानना बहुत प्रेरणादायक है कि हर बार जब हम मैदान पर उतरते हैं, तो हम जानते हैं कि हमें टीम के हर खिलाड़ी का समर्थन प्राप्त है।' उन्होंने कहा, ''हम जानते हैं कि अगर हम अच्छी तैयारी करेंगे तो हम वहां जाएंगे और अच्छा प्रदर्शन करेंगे।'

## रोड्स को कोच बनाना चाहते थे गंभीर, बीसीसीआई ने इंकार किया

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के नये मुख्य कोच बने गौतम गंभीर दक्षिण अफ्रीका के जोंटी रोड्स को टीम का नया फील्डिंग कोच बनाना चाहते थे हालांकि क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) इसके लिए तैयार नहीं है। एक रिपोर्ट के अनुसार गंभीर की इस मांग को बीसीसीआई ने इसलिए नहीं माना है क्योंकि वह किसी भारतीय को ही ये पद देना चाहता है। बीसीसीआई चाहता है कि का पूरा स्टाफ भारतीय हो और किसी भी विदेशी खिलाड़ी को इसमें शामिल नहीं किया जाए। गौरतलब है कि रोड्स विश्व के सबसे अच्छे फील्डर माने जाते हैं। साल 2022 और 2023 के आईपीएल में उन्होंने लखनऊ सुपरजायंट्स की ओर सहयोगी स्टाफ के रुप में काम किया है। इस दौरान वह गंभीर के साथ थे। रोड्स ने साल 1992 से 2003 तक दक्षिण अफ्रीका की तरफ से 52 टेस्ट और 245 वनडे मैच खेले हैं। उन्होंने टेस्ट में 35.66 और एकदिवसीय में 35.11 की बल्लेबाजी औसत से 8,000 से अधिक रन बनाए हैं। वह अपने शानदार क्षेत्ररक्षण के लिए जाने जाते हैं। वहीं बीसीसीआई की ओर से कहा गया है कि टी दिलीप फील्डिंग कोच की भूमिका में बने रहेंगे। इसका कारण है कि उनका पिछला कार्यकाल काफी अच्छा रहा है।

## अपने चौथे ओलंपिक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं मनप्रीत



बेंगलुरू। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के अनुभवी खिलाड़ी मनप्रीत सिंह इस बार अपना चौथा ओलंपिक खेलने जा रहे हैं। मनप्रीत के अनुसार उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह यहां तक पहुंचेंगे और चौथा ओलंपिक खेलेंगे क्योंकि सभी का सपना ओलंपिक खेलने का रहता है। साथ ही कहा कि हर खिलाड़ी का सपना होता है ओलंपिक खेलना और पदक जीतना। इसलिए मैं अपने को खुशकिस्मत समझता हूं जो मुझे इसमें खेलने का अवसर मिल रहा है। इस अनुभवी मिडफील्डर ने कहा, 'मैं यह सोचकर जा रहा हूं कि ये मेरा आखिरी ओलंपिक है और मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। एशियाई खेल 2014 और 2022 में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे मनप्रीत ने भारत के लिये 370 मैचों में 27 गोल दागे हैं। वह टोक्यो ओलंपिक में भारतीय दल के ध्वजवाहक भी रहे थे। ओलंपियन परगट सिंह को अपना आदर्श मानने वाले मनप्रीत ने कहा कि तोक्यो से पेरिस तक टीम की तैयारियों में ज्यादा बदलाव नहीं आया है। साथ ही कहा कि हम अपने अनुभव पांचों नए खिलाड़ियों से बांट रहे हैं। किसी टीम को हलके में नहीं लेना है। उन्होंने कहा, 'हमारा पूल कठिन है और हम किसी भी टीम को हलके में नहीं ले सकते।

## भारत ने जबरदस्त जुझारूपन दिखाकर टी20 विश्व कप जीता: लक्ष्मण




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महान बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण ने हार की कगार पर पहुंचकर टी20 विश्व कप में खिताबी जीत दर्ज करने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के जुझारूपन की तारीफ करते हुए कहा कि खिलाड़ियों और पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का जश्न मनाने का अंदाज साबित करता है कि इस जीत के उनके लिए क्या मायने थे। भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 29 जून को बारबडोस में खेले गए फाइनल में सात रन से हराकर 11 साल में पहली बार आईसीसी खिताब जीता।

लक्ष्मण ने बीसीसीआई द्वारा एक्स पर डाले गए वीडियो में कहा, 'दक्षिण अफ्रीका को आखिरी पांच ओवर में 30 रन चाहिए थे। उसके बाद से जुझारूपन, दृढता और आत्मविश्वास दिखाकर हार की कगार से जीत छीन लेना दिखाता है कि यह टीम कितनी मजबूत है।' उन्होंने कहा, 'सभी ने इतनी मेहनत की थी और जीत के बाद का जश्न इस सफलता के पीछे की बड़ी कहानी कहता है।'

बेंगलुरू में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख लक्ष्मण ने कहा, 'विश्व कप जीतना खास है। जब आप सर्वश्रेष्ठ के खिलाफ खेलकर ट्रॉफी जीते तो उसके मायने और बढ़ जाते हैं।' उन्होंने कहा, 'सभी ने अपने जज्बात जाहिर किए और इससे पता चलता है कि हर एक खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के लिए यह जीत क्या मायने रखती है। आपने हार्दिक पांड्या को आखिरी गेंद डालने के बाद रोते हुए देखा। रोहित शर्मा को मैदान पर देखा।'

लक्ष्मण ने कहा, 'पूरा देश जीत का जश्न मना रहा है। हम छह महीने पहले भी जीत के करीब पहुंचे थे लिहाजा यह जीत खास थी हमें वनडे विश्व कप जीतना चाहिए था क्योंकि पूरे टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ होने के बाद हम फाइनल में हार गए थे।' आम तौर पर सार्वजनिक तौर पर अपनी भावनाएं व्यक्त नहीं करने वाले द्रविड़ के खुलकर जश्न मनाने के बारे में उन्होंने कहा, 'मैने उसके साथ इतनी क्रिकेट खेली है और उसे इतने साल से जानता हूं और उसका इस तरह जश्न मनाना। जब आखिरी गेंद डाली गई या टीम के सदस्यों के साथ बातचीत में या ट्रॉफी थामते समय।'

उन्होंने कहा, 'रोहित और विराट कोहली ने उसे ट्रॉफी सौंपकर बहुत अच्छा किया और ट्रॉफी थामने के बाद उसने जिस तरह से जश्न मनाया, उससे साबित होता है कि इस जीत के सभी के लिए क्या मायने थे।' लक्ष्मण ने टी20 प्रारूप में योगदान के लिये विराट, रोहित और रविंद्र जडेजा की तारीफ की। तीनों ने इस प्रारूप को अलविदा कह दिया है। उन्होंने कहा, 'इस खेल के तीन दिग्गजों विराट, रोहित और जडेजा को इस महान खेल में उनके योगदान के लिए मैं बधाई देता हूं। उन्होंने जिस जुनून का प्रदर्शन किया, वह अप्रतिम है। मुझे उम्मीद है कि वह दूसरे प्रारूपों में देश का नाम रोशन करते रहेंगे।'

## डोपिंग के कारण दो साल बाहर बैठना करियर का काला अध्याय : ओलंपिक हॉकी टीम में शामिल जरमनप्रीत




नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक के लिए चुनी गई 16 सदस्यीय भारतीय हॉकी टीम में जगह बनाने वाले जरमनप्रीत सिंह ने कहा कि 2016 में डोपिंग का दंश झेलना उनके करियर का सबसे निराशाजनक समय था। जरमनप्रीत पिछले कुछ वर्षों से भारतीय टीम के नियमित खिलाड़ी रहे हैं। वह डोपिंग के कारण 2016 से 2018 तक खेल से दूर रहे थे। ओलंपिक में पदार्पण को तैयार इस खिलाड़ी ने डोपिंग के कारण लगे प्रतिबंध को याद करते हुए कहा, 'यह मेरे लिए आसान नहीं था। यह कई अनिश्चितताओं के साथ मेरे सबसे बुरे समय में से एक था।' नीदरलैंड में 2018 में चैम्पियंस ट्रॉफी के दौरान राष्ट्रीय टीम के लिए पदार्पण करने वाले पंजाब के इस खिलाड़ी ने कहा, 'खिलाड़ी आम तौर पर इस तरह के झटके से उबर नहीं पाते हैं। दो साल तक मैचों से बाहर बैठने से आप काफी पीछे छूट जाते हैं।' आयकर विभाग में अधिकारी के पद पर तैनात इस खिलाड़ी ने कहा, 'मैं हालांकि अपनी वापसी को लेकर दृढ़ निश्चय था और मुझे पता था कि मुझे वापसी करनी होगी। मुझे नहीं लगता कि मैं मजबूत घरेलू ढांचे के बिना ऐसा कर सकता था, जहां मैं चयनकर्ताओं को दिखा सकता था कि मुझमें अभी भी वह क्षमता है।' इस 27 साल के खिलाड़ी ने भारत के लिए 98 मैच खेले हैं। उन्होंने हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति में कहा, 'मैं ओलंपिक को लेकर काफी रोमांचित हूं और टीम के अभियान के शुरू होने का इंतजार कर रहा हूं।'

## अफरीदी सहित पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटरों ने भारतीय टीम को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भेजने की अपील की

लाहौर (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के अगले साल पाकिस्तान में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में खेलने के लिए जाने की संभावना काफी कम है। इससे पाकिस्तान के क्रिकेट प्रशंसक बेहद निराश हैं। वहीं पाक के पूर्व ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी सहित कई पूर्व क्रिकेटरों ने भारत सरकार से टीम को पाकिस्तान भेजने की अपील की है। अफरीदी का कहना है कि जिस प्रकार हमारा भारत में स्वागत हुआ है। उसी प्रकार भारतीय टीम का भी पाक में जबरदस्त स्वागत होगा। अफरीदी ने कहा, 'भारतीय टीम को पाकिस्तान आना चाहिए और मैं इसका स्वागत करता हूं। हम जब भी भारत गए, वहां हमें बहुत सम्मान और प्यार मिला। ठीक इसी तरह जब भी भारतीय टीम हमारे यहां आई तो उसे भी यहां उतना ही सम्मान और प्यार मिला। इसलिए मेरा मानना है कि क्रिकेट को राजनीति से अलग रखा जाना चाहिए।' अफरीदी ने कहा, 'विराट सहित भारतीय खिलाड़ी पाक में बेहद लोकप्रिय है। विराट जब पाक आएंगे तो उन्हें इतना प्यार मिलेगा कि वह भारत में मिले प्यार को भूल जाएंगे। पाक में विराट का बहुत क्रेज है और लोग उन्हें बहुत ज्यादा पसंद करते है। वह मेरा भी पसंदीदा क्रिकेटर है। उनकी अपनी क्लास है। साथ ही कहा कि उन्हें अभी टी20 क्रिकेट से संन्यास नहीं लेना चाहिए था क्योंकि उनके रहने से टी20 प्रारुप और बेहतर हो जाता है।' गौरतलब है कि भारतीय क्रिकेट टीम एशिया कप 2008 के बाद से ही पाक दौरे पर नहीं गई है। पिछले साल पाक में हुए एशिया कप में भी भारतीय टीम नहीं गयी थी और उसने अपने सभी मैच हाइब्रिड मॉडल के आधार पर श्रीलंका में खेले गए। ऐसे में इस बार भी भारतीय बोर्ड (बीसीसीआई) कुछ ऐसा ही चाहेगा। बोर्ड ने हालांकि आधिकारिक रुप से अभी इसपर कुछ नहीं कहा है।

## वेकिच को हराकर पाओलिनी लगातार दूसरे ग्रैंडस्लैम फाइनल में

लंदन। जैस्मिन पाओलिनी ने बृहस्पतिवार को यहां गैर वरीय डोना वेकिच को तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में हराकर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल फाइनल में जगह बनाई जो उनका लगातार दूसरा ग्रैंडस्लैम फाइनल होगा। पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए पाओलिनी ने दो घंटे और 51 मिनट चले सेमीफाइनल में वेकिच को 2-6, 6-4, 7-6 (10-8) से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। सातवीं वरीय पाओलिनी ने पहला सेट गंवाने के बाद दूसरा सेट अपने नाम किया। वह तीसरे और निर्णायक सेट में 1-3 से पीछे थी लेकिन वापसी करते हुए जीत दर्ज करने में सफल रहीं। पाओलिनी ने अंततः अपने तीसरे मैच प्वाइंट पर अंक जुटाकर जीत दर्ज की। वह पिछले महीने रोलां गैरो पर फ्रेंच ओपन के फाइनल में इगा स्वियातेक के खिलाफ हार गईं थी। इटली की 28 साल की पाओलिनी एक ही सत्र में फ्रेंच ओपन और विंबलडन के खिताब मुकाबले में जगह बनाने वाली 2015 और 2016 में सेरेना विलियम्स के बाद पहली महिला हैं। फाइनल में पाओलिनी की भिड़ंत एलेना रिबाकिना और बारबरा क्रेसिकोवा के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से शनिवार को होगी।



# गंभीर के भारतीय कोच बनने पर शाहिद अफरीदी ने दी प्रतिक्रिया, कहा- यह अच्छा है

**बेंगलुरू (एजेंसी)।** पूर्व पाकिस्तानी कप्तान शाहिद अफरीदी ने कहा कि यह देखना दिलचस्प होगा कि गौतम गंभीर भारतीय सीनियर राष्ट्रीय पुरुष टीम के कोच बनने के अवसर का किस तरह उपयोग करते हैं, उन्होंने अपनी नियुक्ति को लेकर सकारात्मक रुख अपनाया। अफरीदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि गंभीर अपने विचारों को लेकर स्पष्ट रहे हैं और यह उनके लिए अपनी नई भूमिका में अपनी छाप छोड़ने का अच्छा मौका है।

गौतम गंभीर को बुधवार 10 जुलाई को भारतीय क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। पूर्व सलामी बल्लेबाज ने राहुल द्रविड़ की जगह ली जिन्होंने पिछले महीने कैरिबियन में भारत की टी20 विश्व कप जीत के बाद शानदार तरीके से पद छोड़ा था। शाहिद अफरीदी ने ब्रिटेन में वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स टी20 टूर्नामेंट के दौरान कहा, 'यह एक नया अवसर है, यह अच्छा है। देखते हैं कि वह इस अवसर का अधिकतम लाभ कैसे उठाते हैं। मैंने उनके कई साक्षात्कार देखे हैं। वह अच्छी और सकारात्मक बातें करते हैं। वह बहुत स्पष्टवादी हैं।'

इस सप्ताह की शुरुआत में ही अफरीदी ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम में स्थिरता की मांग की थी और क्रिकेट बोर्ड से कोचों और खिलाड़ियों को नेतृत्व के पदों पर लंबे समय तक मौका देने का आग्रह किया था। रोहित शर्मा और द्रविड़ के बीच बेहतरीन कामकाजी संबंध स्थापित करने और परिणाम देने के कारण भारत को नेतृत्व समूह के मामले में कोई समस्या नहीं हुई है।

गंभीर की नियुक्ति ने क्रिकेट जगत में काफी दिलचस्पी पैदा की है। किसी सीनियर टीम को कोचिंग देने का कोई पिछला अनुभव न होने के बावजूद भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज को भारत के लिए अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बीसीसीआई का समर्थन प्राप्त है। गंभीर की सामरिक सूझबूझ और आईपीएल 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स और 2022 और 2023 में लखनऊ सुपर जायंट्स के मेंटर के रूप में उनके सफल कार्यकाल ने उनके पक्ष में काम किया है।

गंभीर भारतीय क्रिकेट टीम में बदलाव की अवधि की देखरेख करेंगे, उन्होंने साढ़े तीन साल का अनुबंध हासिल किया है। रोहित, विराट कोहली और रवींद्र जडेजा विश्व कप जीत के बाद टी20आई से संन्यास ले लिया और नए मुख्य कोच को उपयुक्त प्रतिस्थापन खोजने की आवश्यकता होगी। इस बीच गंभीर के पूर्व नाइट राइडर्स टीम के साथी जैक्स कैलिस ने कहा कि उन्हें इस बात में कोई संदेह नहीं है कि केकेआर के पूर्व कप्तान टीम इंडिया के मुख्य कोच के रूप में परिणाम देंगे। कैलिस ने गंभीर के आक्रामक रवैये पर प्रकाश डाला और कहा कि युवा खिलाड़ी विश्व कप विजेता से बहुत कुछ सीखेंगे।

कैलिस ने कहा, 'गौती को कोचिंग की ओर बढ़ते देखना बहुत अच्छा है। उनके पास वास्तव में बहुत अच्छा क्रिकेट दिमाग है। वह कुछ जोश लाएंगे, उन्हें आक्रामक तरीके से खेलना पसंद है। मुझे लगता है कि वह ध्यान आकर्षित करेंगे। खिलाड़ी निश्चित रूप से उनसे बहुत कुछ सीखेंगे। वह उस भारतीय टीम में बहुत कुछ जोड़ने जा रहे हैं।'



# बारिश में मुंहासे का सही इलाज ऐसे करें



मानसून में त्वचा ऑयली और चिपचिपी हो जाती है जिससे चेहरे पर मुंहासे, ब्लैकहेड्स और व्हाइटहेड्स जैसी समस्याएं होने लगती हैं। इसलिए इन दिनों अपनी त्वचा की साफ-सफाई पर अधिक ध्यान दें। दरअसल, इस मौसम में हवा में नमी और बैक्टीरिया ज्यादा होते हैं जिससे स्किन पोर्स में गंदगी जमा हो सकती है। बारिश के मौसम में मुंहासों की समस्या से बचने के लिए किसी अच्छे माइल्ड फेस वॉश से अपने चेहरा धोएं।

## टोनिंग करना ना भूलें

हम अक्सर अपने स्किन केयर रूटीन में टोनिंग को स्किप कर देते हैं। लेकिन स्वस्थ त्वचा के लिए टोनिंग बहुत जरूरी है। मानसून में चेहरा साफ करने के बाद टोनर का इस्तेमाल जरूर करें। इससे त्वचा पर जमा गंदगी और मेकअप हटाने में मदद मिलती है। अगर आप बाजार से टोनर नहीं खरीदना चाहते हैं तो घर पर ही गुलाब जल या खीरे का इस्तेमाल डोनर के रूप में कर सकते हैं।

## मॉइस्चराइज़ करना ना भूलें

कुछ लोगों को लगता है कि बारिश के मौसम में उनकी त्वचा ऑयली हो जाती है इसलिए उन्हें मॉइश्चराइजर की जरूरत नहीं है। लेकन ऐसा सोचना गलत है। चाहे कोई भी मौसम हो, आपकी त्वचा को मॉइश्चराइजर की जरूरत होती है। इससे आपकी त्वचा की नमी बरकार रहती है। बारिश के मौसम में जेल बेस्ड मॉइश्चराइजर इस्तेमाल करें।

## खूब पानी पिएं

पानी पीना हमारे स्वास्थ्य और त्वचा के लिए कितना फायदेमंद है यह तो आप जानते ही होंगे। पानी पीने से शरीर में जगह टॉक्सिंस को बाहर निकालने में मदद मिलती है। इस चेहरे पर मुंहासे और ब्लैक हेड्स की समस्या भी दूर होती है। दिन में कम से कम 7-8 गिलास पानी पिएँ। इसके अलावा आप नारियल पानी, जूस आदि का सेवन कर सकते हैं।

## नीम का इस्तेमाल

मुंहासों की समस्या को दूर करने के लिए नीम भी बहुत फायदेमंद मानी जाती है। नीम में एंटी बैक्टीरियल गुण मौजूद होते हैं जो मुंहासों को कम करने में मदद करते हैं। आप चाहे तो नीम की पत्तियों को पीसकर इसका पेस्ट फेस पर लगा सकते हैं या नीम की पत्तियों को पानी में उबाल कर इससे अपना चेहरा साफ कर सकते हैं।



# फंक्शन में सबसे अलग कैसे दिखें

हर महिला फंक्शन में सबसे अलग दिखने की इच्छा रखती है। फिर चाहे बात एथनिक वियर की हो या फिर वेस्टर्न वियर की, अगर उसे एक अलग तरह से स्टाइल किया जाए तो आपका लुक सबसे खास नजर आएगा। हालांकि, अगर आप सबसे अलग दिखना चाहती हैं तो ऐसे में आप बॉलीवुड एक्ट्रेस के लुक्स से आइडियाज ले सकती हैं।

## अनन्या पांडे

अगर आप एथनिक वियर पहनना पसंद करती हैं तो ऐसे में आप बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे के इस लुक से आइडिया ले सकती हैं। अनन्या ने इस लुक में स्ट्रैपी ब्लाउज के साथ व्हाइट कलर के लहंगे को पेयर किया है। इस लहंगे में पिंक कलर का फ्लोरल प्रिंट देखने में काफी अच्छा लग रहा है। अनन्या ने इस लहंगे के साथ मैचिंग दुपट्टे को स्टाइल किया है। लाइट मेकअप और स्टेटमेंट इयररिंग्स उनके लुक को और भी खास बना रहे हैं।

## कृति सेनन

इन दिनों सीक्वेंस वर्क काफी चलन में है और कृति ने भी इस लुक में गोल्डन सीक्वेंस साड़ी को स्टाइल किया है। प्लंजिंग नेकलाइन मैचिंग ब्लाउज उनके लुक का काम्पलीमेंट कर रहा है। नाइट लुक को ध्यान में रखकर उन्होंने स्मोकिंग आइज लुक क्रिएट किया है। मिडिल पार्टिंग स्लीक हेयर और स्टड उनके लुक को खास बना रहे हैं।

## संजना सांघी

अगर आप वेडिंग डीजे पार्टी में इंडो-वेस्टर्न लुक के साथ रॉक करना चाहती हैं तो ऐसे में संजना सांघी का यह लुक रिक्रिएट किया जा सकता है। फ्लोरल प्रिंट के आउटफिट में संजना ने मोनोक्रोम लुक कैरी किया है। लाइट मेकअप, स्लीक लो बन और हूप्स से उन्होंने अपने लुक को कंप्लीट किया है। हालांकि, अगर आप संजना सांघी के इस लुक को रिक्रिएट कर रही हैं तो ऐसे में आप कलर कंट्रास्टिंग भी कर सकती हैं।



# कलमकारी प्रिंट्स का चलन

आपने कई बड़े-बड़े सेलिब्रिटीज़ और बॉलीवुड एक्ट्रेसेस को कलमकारी मोटिफ्स पहने देखा होगा। यह प्रिंट देखने में भले ही ट्रेडिशनल लगते हों लेकिन ये इंडियन और वेस्टर्न दोनों आउटफिट्स के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं।

## साड़ी

आप कलमकारी साड़ी को अपने वॉर्डरोब में शामिल कर सकती हैं। यह एक बेहद क्लासिक और एलिगेंट लुक देगा। कलमकारी साड़ियां सदाबहार हैं इसलिए आप इसे कभी भी पहन सकती हैं। चाहे कोई फॉर्मल मौका हो या फेस्टिव, आप दोनों ही मौकों पर इस पहन सकती हैं।

## टॉप

अगर आप कलमकारी को एथनिक स्टाइल से नहीं वियर करना चाहती हैं तो इसे टॉप की तरह पहन सकती हैं। आप कलमकारी टॉप को डेनिम, प्लाजो या स्कर्ट के साथ पेयर कर सकते हैं।



## दुपट्टा

अगर आप ज्यादा एक्सपेरिमेंट नहीं करना चाहती हैं तो कलमकारी दुपट्टे को कैरी कर सकती हैं। आप किसी भी प्लेन सूट या कलर ब्लॉकड सूट के साथ कलमकारी प्रिंट दुपट्टा पेयर कर सकते हैं।

## ड्रेस

आजकल इंडियन मोटिफ्स वाली ड्रेस काफी ट्रेंड में हैं। आप चाहें तो कलमकारी मोटिफ्स वाली ड्रेस पहन सकती हैं। यह आपको बेहद ग्रेकफुल और यूनिक लुक देगा। आप इसे ऑक्सीडाइज्ड सिल्वर ज्वेलरी के साथ पेयर कर सकती हैं।

# मॉनसून में साड़ी को बनाएं स्टाइलिश



## हैप्पी शेड्स का करें चुनाव

इन दिनों पेस्टल रंगों काफी ट्रेंड में हैं, ऐसे में आपको ये रंग कितने भी पसंद क्यों न हों लेकिन बारिश के मौसम में आपको इन्हें खरीदने से बचना चाहिए।इस दौरान आप डार्क और हैप्पी रंग को चुन सकती हैं। जैसे पिंक, ऑरेंज, येलो, रस्ट, पर्पल, मैरून आदि।

## अलग तरह से करें स्टाइल

धोती साड़ी, रेडी टू वियर साड़ी के जमाने में आपको रेगुलर तरह से साड़ी पहनने से बचना चाहिए। इन दिनों बॉलीवुड डीवाज जेगिंग्स या जींस के साथ साड़ी पहन रही हैं। ऐसे में स्टाइलिश दिखने के लिए आप भी इस तरह से साड़ी स्टाइल कर सकते हैं।

## प्रिंट का करें सही सलेक्शन

इस मौसम में फूलों के डिजायन अच्छे लगते हैं। आप इस तरह के डिजाइन को कैरी कर सकती हैं। मॉनसून के लिए साड़ी सलेक्ट कर रही हैं तो इस बात पर जरूर ध्यान दें।

## सही फैब्रिक खरीदें

साड़ी खरीदते समय फैब्रिक सलेक्शन पर ध्यान दें। बरसात के मौसम के लिए, शिफॉन, पॉली जॉर्जेट और जॉर्जेट को अच्छा माना जाता है। ये आपकी स्किन पर हल्के होते हैं।इस दौरान कॉटन की साड़ी पहनने से बचें।

# फ्रिजी बाल को दूर करने का तरीका

बारिश के मौसम में बालों को फ्रिजी हो जाना बेहद आम बात है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि बाल हवा में मौजूद मॉइश्चर को अपनी ओर खींचते हैं और उसे सोखना शुरू कर देते हैं। इससे आमतौर पर सीधे व स्मूद रहने वाले हेयर क्यूटिकल और आउटर लेयर फूलने लगते हैं व बाल फ्रिजी हो जाते हैं। आइए, जानते हैं इससे कैसे बचें-

**कैसे करें शैंपू-** इन दिनों, बालों में कम मात्रा में शैंपू लगाएं। हेयर जब थोड़े से ड्राइ रहेंगे, तो स्कैल्प से नैचरल सीबम निकलेगा। इस तेल से बाल उतने रूखे नहीं दिखेंगे और साथ ही में ऑइल होने के कारण हेयर हवा से मॉइस्चर भी कम खींचेंगे।

**एपल साइडर विनेगर** - एपल साइडर विनेगर को पानी में मिलाकर बालों की जड़ों को जेंटली क्लीन किया जा सकता है। वहीं रोज के लिए सादे पानी से हेयर वॉश भी किया जा सकता है।

**होममेड हेयर पैक-** घर पर हेयर पैक बनाने के लिए चारकोल, मुल्तानी मिट्टी और गुलाबजल का इस्तेमाल किया जा सकता है। ये पैक स्कैल्प के ऑइल को क्लीन करते हुए, डैंड्रफ को भी कम करेगा। इससे हेयर क्लीन दिखेंगे और फील होंगे। नारियल तेल भी बालों के लिए इन दिनों हेल्दी सॉल्यूशन साबित होता है।



# मानसून में सोफा, कुर्सी और मेज की देखभाल जरूरी

मानसून में नमी के कारण फंगस लगने से फर्नीचर खराब हो सकता है। सोफे को नमी से बचाने के लिए पोटली में नमक की डली बांधकर किनारे खोंस दें। ये नमी सोख लेगी। लकड़ी की मेज को नम जगह ना रखें और बरसात से पहले वार्निश से पेंट करें। आइए जानते हैं बारिश में सोफा, कुर्सी आदि की देखभाल कैसे करें-

## तेज धूप से बचाएं

बारिश के मौसम में बदलाव के कारण उमस और तेज धूप से फर्नीचर की चमक, फिनिश और खूबसूरती खराब हो जाती है। इससे लकड़ी में सिकुड़न और दरार आ सकती है।

कुर्सी, मेज और सोफे को तेज धूप वाली जगह रखने से बचें। खिड़की के पास फर्नीचर है, तो ब्लैकआउट कर्टेन या मोटे पर्दे लगाएं।

## जरा संभल कर करें सफाई

खिड़कियों और दरवाजे से आती धूल लकड़ी के फर्नीचर की खूबसूरती चुरा सकती है। सप्ताह में एक बार इसकी सफाई करें। वुडेन फर्नीचर की क्लीनिंग सूखे कपड़े से करने पर इसमें स्क्रैच आ सकता है। मलमल के मुलायम और साफ कपड़े से कुर्सी मेज पोछें। धुएं के दाग या जमी हुई मिट्टी साफ करने के लिए डस्टर को साबुन के पानी में भिगोकर इस्तेमाल करें।

## चुटकियों में साफ करें दाग

चाय, दाल या कोई चीज फर्नीचर पर फिर जाए तो तुरंत इसे नम कपड़े से साफ करें। दाग तुरंत साफ हो जाएगा। अगर आप देर करेंगी तो जिद्दी दाग फर्नीचर के लुक को खराब कर देगा।

## दीमक से बचाएं फर्नीचर को

दीमक लकड़ी के फर्नीचर को खोखला कर देता है। महंगा एंटीक सोफे सेट, डाइनिंग टेबल खराब ना हो, इसके लिए समय-समय पर दीमक से बचाव वाली दवा का इस्तेमाल करते रहें। 6 महीने में एक बार पेस्ट रेजिस्टेंस पॉलिश कराएं। अस्थाई समाधान के लिए वैक्स पॉलिश में एलोवेरा जैल मिला कर इससे फर्नीचर पेंट करें।



## पालतू जानवर हैं तो बरतें सावधानी

घर में पालतू जानवर हैं तो इस बात का ख्याल रखें कि उनके बाल और नाखून से फर्नीचर खराब ना हो। जानवरों को घर में अकेला ना छोड़ें। कई बार वो दांतों से सोफा सेट को फाड़ कर खराब कर देते हैं।

## सावधानी

फर्नीचर को यहां से वहां शिफ्ट करना है तो बबल रैप यूज करें। पैकर्स और मूवर्स की सर्विस ले सकती हैं ताकि डैमेज से सोफे की लकड़ी, लेदर या शनील खराब ना हो।

## सिलिका जैल पैकेट

बारिश की बौछार घर के अंदर आने से सोफा या मैट्रेस गीला हो गया है तो कार्टून में पड़े सिलिका जैल पैकेट को इसके किनारे रख दें। यह बहुत अच्छे से नमी सोख लेगा।

## खिड़की-दरवाजे रखें बंद

बरसात के मौसम में बालकनी, खिड़की या दरवाजे तभी खोलें जब जरूरत हो। इससे नमी घर में नमी आएगी। अचानक बारिश होने पर बौछार का डर भी नहीं रहेगा।

## लकड़ी के दरवाजे और चौखट की देखभाल

मानसून में दवाजे और चौखट की लकड़ी फूल जाने से दरवाजा खोलने में दिक्कत होती है और आवाज आती है। इससे बचने के लिए बारिश से पहले ही चौखट के पुर्जों में माशीन ऑयल या सरसों का तेल डालना चाहिए।




# मैं मिल रहे रिस्पॉन्स से थोड़ी चकित हूं: दीपिका

ब्लॉकबस्टर फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' ने हाल ही में रिलीज होने के साथ ही दुनियाभर के दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींचा है। दीपिका पादुकोण इस फ्यूचरिस्टिक एपिक फिल्म में लीड रोल में हैं, जिसमें उनकी एक्टिंग को खूब सराहा जा रहा है।

जब से कल्कि 2898 एडी थिएटर्स में रिलीज हुई है, तब से दर्शक दीपिका को फिल्म की जान कह रहे हैं। फैंस और क्रिटिक्स दीपिका की फिल्म में दमदार प्रेजेंस और जबरदस्त परफॉर्मेंस की तारीफ करने से खुद को रोक नहीं पा रहे हैं। ऐसे में दर्शकों से मिल रहे प्यार पर एक्ट्रेस ने अपना रिएक्शन दिया है, उनके साथ शेयर किए गए वीडियो में उनके पति और एक्टर रणवीर सिंह भी नजर आ रहे हैं। दीपिका ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया है जिसमें उन्होंने फिल्म को मिल रिस्पॉन्स पर अपना रिएक्शन शेयर की है। सामने आए वीडियो में उन्होंने कहा है, 'मुझे नहीं पता कि मुझे क्या महसूस करना चाहिए। मैं मिल रहे रिस्पॉन्स से थोड़ी चकित हूं। इसी वीडियो में रणवीर भी नजर आ रहे हैं। नाग अश्विन के डायरेक्शन में बनी फिल्म देखने के बाद वह पूरी तरह से निशब्द हैं।

रणवीर ने वीडियो में कहा, 'इस तरह की फ़िल्म देखना वाकई हैरान करने वाला है, जिसमें उनका किरदार प्रेगनेंट है और वह खुद भी प्रेगनेंट हैं और ऐसा लगता है कि ये क्या ही हो रहा है?' बता दें कि इस वीडियो में फैंस का प्यार देखकर ये साफ जाहिर हो रहा है कि दीपिका पादुकोण सिर्फ 'कल्कि 2898 एडी' का हिस्सा नहीं हैं, बल्कि वे इसका सार हैं। 'कल्कि 2898 एडी' बॉक्स ऑफिस पर सफलता के झंडे गाड़ रही है। बता दें कि प्रभास-दीपिका पादुकोण की 'कल्कि 2898 एडी' रिलीज के बाद से ही लोगों का दिल जीत रही है। फिल्म में दीपिका, प्रभास और अमिताभ समेत सभी स्टारकास्ट के काम को काफी पसंद किया जा रहा है। फिल्म दूसरे हफ्ते में भी कमाई कर रही है।



# सारा ने पहना मोतियों से सजा लहंगा

बीते दिनों जाम नगर में हुए अंबानी परिवार के प्री-इवेंट्स में एक्ट्रेस सारा अली खान ने मोतियों से सजा व्हाइट फिश-कट लहंगा पहना था। इस लहंगे पर मोतियों का डिटेलिंग में वर्क था। ब्लाउज हाल्टर नेक था और उस पर भी मोती ही मोती जड़े थे। इसके साथ सारा ने सिंपल से स्टड ईयररिंग्स पहने थे। सारा की लुक को फैंस ने सिंपल एंड स्टनिंग कहा था। जामनगर के लास्ट इवेंट में सारा ने चुड़ीदार के साथ कलियों वाला शॉर्ट लैंथ अनारकली सूट पहना था। मनीष मल्होत्रा का डिजाइन किया ये सूट रॉयल समय की याद दिलवा रहा था। सूटपर जरदोजी गोल्ड बॉर्डर था और सूट की स्लीव्स कफ स्टाइल में थी। इसके साथ सारा ने ग्रीन कलर की चांद बाली स्टाइल ईयररिंग्स और मांग-टीका लगाया था। सारा पर सिर्फ ट्रडीशनल ही नहीं बल्कि वेस्टर्न आउटफिट भी बहुत सुदंर लगते हैं। उनकी एनिमल प्रिंट वाली ये ड्रेस देखिए। सारा ने फोटोशूट का ये वीडियो अपनी इंस्टा पेज पर अपलोड किया है। इसके साथ सारा ने एक स्लिक सा नेकपीस और मैचिंग रिंग पहनी थी। इस बार के अंबानी फंक्शंस में सारा की दो लुक सामने आई है।

हल्दी सेरेमनी पर सारा ने बंजारा स्टाइल मल्टीकलर लहंगा पहना था। लहंगे पर मिरर और धागे का खूबसूरत वर्क था। इसके साथ सारा ने मल्टीकलर नेकलेस, कंगन और रिंग पहनी थी जब कि कानों को खाली ही छोड़ा था। इससे पहले सारा अली खान ने अनंत राधिका की संगीत नाइट पर मनीष मल्होत्रा का डिजाइन किया गोल्डन फिशकट लहंगा पहना था जिसके साथ मैचिंग फूल स्लीव ब्लाउज था। बता दें कि सारा अली खान अपने चुलबुले अंदाज के लिए फैंस की चहेती हैं वहीं लोगों को उनका फैशन भी खूब पसंद आता है। इन दिनों सारा अली खान अंबानी फंक्शंस अटैंड कर रही हैं। दोनों ही लुक्स में वह देसी दीवा बनी और फैंस का प्यार भी मिला इससे पहले हुए प्री-वैडिंग सेलिब्रेशन में भी सारा अली खान का लुक सुर्खियों में रहा था चलिए आपको सारा की बेस्ट आउटफिट्स दिखाते हैं।


# यह फिल्म मेरी मां के लिए मेरी सबसे खास: सनी सिंह



हाल ही में एक्टर सनी सिंह ने अपनी मां के साथ अपने भावनात्मक जुड़ाव के बारे में खुलकर बात की। चर्चा में सनी ने भावुक होते हुए कहा कि अपकमिंग फिल्म वाइल्ड वाइल्ड पंजाब मेरी मां के लिए मेरी सबसे खास और महत्वपूर्ण फिल्म है। रिलीज से पहले ही उनका निधन हो गया, लेकिन उन्होंने इसका हर सीन देखा था। उन्होंने कहा कि जब भी फिल्म के बारे में बात होती थी तो वह उत्साहित हो जाती थीं, वह पूछती थी कि फिल्म कब शुरू हो रही है? या तुम कब जा रहे हो? एक्टर ने कहा कि उनकी मां इस फिल्म को लेकर सबसे ज़्यादा उत्साहित थीं। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए हमेशा खास रहेगा। लव (रंजन) सर भी जानते हैं कि यही वजह है कि मैं इस फिल्म से भावनात्मक रूप से इतना जुड़ा हुआ हूं। इसके अलावा, इस फिल्म में अन्य कलाकारों के साथ काम करना मेरे लिए अपने परिवार के साथ काम करने जैसा था। सनी की बात करें तो उन्होंने कसौटी जिंदगी की से टेलीविजन पर डेब्यू किया था। बाद में वह शकुंतला सीरीज में भी नजर आए। उन्होंने 2010 में शाहिद कपूर अभिनीत पाठशाला से सिनेमा की दुनिया में कदम रखा। इसके बाद उन्हें दिल तो बच्चा है जी, आकाशवाणी, प्यार का पंचनामा 2, सोनू के टीटू की स्वीटी, दे दे प्यार दे, उजड़ा चमन, जय मम्मी दी और आदिपुरुष जैसी फिल्मों में देखा गया। बता दें कि सिमरप्रीत सिंह द्वारा निर्देशित वाइल्ड वाइल्ड पंजाब एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है, जो अपने दोस्तों के साथ ब्रेकअप रोड ट्रिप पर जाता है। फिल्म में वरुण शर्मा, जस्सी गिल, मनजोत सिंह और पत्रलेखा भी हैं। यह 10 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

# गेम चेंजर की शूटिंग हो गई है पूरी: राम चरण

आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी में अपकमिंग फिल्म गेम चेंजर की शूटिंग पूरी हो चुकी है। पैन इंडिया स्टार राम चरण ने यह जानकारी अपने इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरों का एक कोलाज साझा कर दी। राम चरण को पहली तस्वीर में हेलीकॉप्टर की ओर बढ़ते हुए देखा जा सकता है, जबकि दूसरी तस्वीर शूटिंग खत्म होने के बाद की है।



एक्टर ने इन तस्वीरों को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, खेल बदलने वाला है! गेम चेंजर की शूटिंग पूरी हो गई है... अब सिनेमाघरों में मिलते हैं। राम चरण के इस पोस्ट को सामंथा रूथ प्रभु और आलिम हकीम जैसी हस्तियों ने लाइक किया है। यह एक पॉलिटिकल एक्शन थ्रिलर फिल्म है, राम चरण इसके फाइनल शेड्यूल की शूटिंग आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी में कर रहे थे। इसका निर्देशन एस. शंकर ने किया है। वहीं निर्माण श्री वेंकटेश्वर क्रिएशंस ने किया है। इस फिल्म में राम चरण के साथ कियारा आडवाणी, जयराम, अंजलि, एसजे सूर्या, श्रीकांत, सुनील, समुथिरकानी और नासर लीड रोल में हैं। गेम चेंजर में एक्टर तिहरे किरदार यानि ट्रिपल रोल में नजर आएंगे। गेम चेंजर की रिलीजि डेट का अभी खुलासा नहीं हुआ है, लेकिन बताया जा रहा है कि यह पांच भाषाओं तेलुगु, तमिल, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज की जाएगी। वर्कफ्रंट की बात करें तो, राम चरण जल्द फिल्म गेम चेंजर के अलावा आरसी 16 और आरसी 17 में भी नजर आएंगे। आरसी 16 एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है, जिसमें वह एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर के अपोजिट नजर आएंगे। इसका निर्देशन बुच्ची बाबू करेंगे। इस फिल्म में कन्नड़ सुपरस्टार शिवा राजकुमार भी दिखाई देंगे। फिल्म का संगीत एआर रहमान ने तैयार कर लिया है। आरसी 17 की घोषणा राम चरण ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर होली के मौके पर की थी।



# सुहाना संग वेकेशन एंजॉय कर रहे शाहरुख खान

न्यूयार्क में सुपरस्टार शाहरुख खान अपनी बेटी और एक्ट्रेस सुहाना खान के साथ वेकेशन एंजॉय कर रहे हैं। सुहाना खान ने इंस्टाग्राम पर कुछ फोटो शेयर की, जिनमें वह बेहद प्यारी लग रहीं हैं। पहली तस्वीर में सुहाना कैमरे के लिए पोज देती नजर आ रही हैं।

उन्होंने बालों को खुला रखा है और न्यूड मेकअप किया हुआ है। वहीं दूसरी तस्वीर में सुहाना खान कैमरे से शीशे के सामने खड़े होकर फोटो लेती नजर आ रहीं हैं। इस दौरान सुहाना ने न्यूयॉर्क शहर की खूबसूरत फोटो भी शेयर की। उन्होंने अपनी क्लोजअप फोटो भी साझा किया। इसके अलावा, एक फोटो में वह मिरर सेल्फी लेती दिखाई दे रही हैं। उन्होंने प्रिंटिड ड्रेस पहनी हुई हैं और कानों में गोल्डन ईयररिंग्स डाले हुए हैं। सुहाना खान की इन फोटो पर फैंस जमकर कमेंट्स कर रहे हैं। हाल ही में सुहाना खान की एक फोटो इंटरनेट पर वायरल हुई, जिसमें वह पापा शाहरुख के साथ शॉपिंग करती नजर आ रही हैं। फोटो में दोनों कैश काउंटर पर बिल देते नजर आ रहे हैं।

लुक की बात करें तो सुहाना ने फ्लोरल ड्रेस पहनी हुई हैं, वहीं शाहरुख खान ऑल ब्लैक लुक में दिखाई दिए। वर्क फंट की बात करें तो सुहाना ने नेटफ्लिक्स पर फिल्म द आर्चीज से बॉलीवुड में डेब्यू किया। वह जल्द ही अपनी अगली फिल्म किंग में नजर आएंगी, जिसे सुजॉय घोष डायरेक्ट करेंगे और प्रोड्यूस रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और सिद्धार्थ आनंद की मार्फ्लिक्स एंटरटेनमेंट मिलकर करेंगे।

# इंडस्ट्री में इन दिनों महंगाई बढ़ रही है: करण जौहर

बालीवुड फिल्ममेकर करण जौहर का कहना है कि फिल्म इंडस्ट्री में इन दिनों महंगाई बढ़ रही है। हिंदी सिनेमा में करीब 10 एक्टर्स हैं और वो सभी सूरज, चांद और धरती मांग रहे हैं। इसलिए आप उन्हें पैसा देते हैं। फिर फिल्म के लिए पैसा देते हैं और फिर दूसरे खर्चे भी आते हैं। लेकिन आपकी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कमाई नहीं कर पाती।

करण जौहर ने आगे कहा- जो फिल्म स्टार्स 35 करोड़ रुपये मांग रहे हैं। वो 3.5 करोड़ रुपये से ओपनिंग कर रहे हैं। यह गणित कैसे काम कर रहा है? मालूम नहीं। फिर भी आपको फिल्में बनाते रहना चाहिए और कंटेंट तैयार करना चाहिए क्योंकि आपको पेट भी पालना है। अगर जवान-पठान जैसी फिल्में सफल रहीं तो क्या हमें सिर्फ एक्शन फिल्में ही बनाना चाहिए? हर कोई उसी तरफ भाग रहा है। लेकिन अचानक से अगर लव स्टोरी काम कर जाती है तो ऐसा लगता है कि हम बिना सिर वाली मुर्गियों की तरह इधर-उधर भाग रहे हैं।

इसके अलावा करण जौहर ने कहा कि दर्शकों की पसंद बहुत निश्चित हो गई है। वह एक खास तरह का सिनेमा चाहते हैं और अगर आप एक निर्माता के तौर पर एक खास नंबर चाहते हैं तो आपकी फिल्म को ए, बी और सी सेंटर पर भी परफॉर्म करना होगा। सिर्फ मल्टीप्लेक्स ही काफी नहीं होंगे। बता दें कि फिल्ममेकर करण जौहर ने बहुत सारी फिल्में बनाई है, जिनमें से कुछ फिल्मों को लोग आज भी देखना पसंद करते हैं। हाल ही में करण ने मोटी फीस मांगने वाले स्टार्स को लेकर बात की है, जिनकी फिल्में आधा भी नहीं कमा पाती हैं।



# नाटू नाटू को पुरस्कार मिलने से 'उत्साहित' नहीं थे कीरवानी

फिल्म आरआरआर का गाना नाटू नाटू भारत में रिलीज होने पर काफी हिट रहा और नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने के बाद फिल्म की टीम को दुनिया भर से प्यार मिला। हालाँकि, इस गाने को अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने से पूरा देश खुशी से झूम उठा है, लेकिन संगीतकार कीरवानी ने हमेशा इस बारे में अपना संयम बनाए रखा है।

उन्होंने यहाँ तक कहा कि यह गाना उनका 'सर्वश्रेष्ठ' काम नहीं है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि उन्हें वो पहचान बहुत देर से मिली जिसके वो हकदार थे, तो उन्होंने जवाब दिया, देखिए, देर से या जल्दी, वैश्विक पहचान एक ऐसे गाने को मिली है जो मेरा सर्वश्रेष्ठ नहीं है। इतना तो मैं कह ही सकता हूँ। लेकिन, जब पहचान मिलनी होती है, तो वो किसी न किसी तरह से, किसी भी कोने से आ ही जाती है। लेकिन देर? कभी-कभी आपको लगता है कि देर हो गई है क्योंकि आपका जीवनकाल तय है, इसे ही देर या जल्दी कहा जाता है, जब आपका जीवनकाल तय नहीं होता है, तो यह तब आता है जब इसे आना होता है। ऑस्कर जीतने के बाद भारत लौटने पर, कीरवानी ने माना कि वह इस गाने को बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग का पुरस्कार मिलने से 'उत्साहित' भी नहीं थे।

उन्होंने इस गाने को लाने के लिए दिवंगत रामोजी राव को श्रेय दिया। उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा, शुरू में मैं ऑस्कर के लिए नामांकित होने को लेकर उत्साहित नहीं था। लेकिन, जब मैं रामोजी राव से मिला, तो उन्होंने मुझसे कहा कि मैं पुरस्कार घर ले आऊँ। मैंने सोचा, अगर वे ऑस्कर को इतना महत्व दे रहे हैं, तो मुझे इसे जीतना ही होगा। मुझे लगा कि उस समय पुरस्कार का महत्व था और पुरस्कार की घोषणा से कुछ सेकंड पहले मैं नर्वस भी था। मेरे लिए नहीं, बल्कि उनके लिए।

हिंदी में एम.एम. क्रीम के नाम से मशहूर कीरवानी ने अजय देवगन, तब्बू अभिनीत औरों में कहां दम था के लिए संगीत तैयार किया है और अनुपम खेर अभिनीत तन्वी द ग्रेट पर काम कर रहे हैं। तेलुगु में, वे चिरंजीवी अभिनीत विश्वम्भर और पवन कल्याण अभिनीत हरि हर वीरा मल्लू के लिए धुन तैयार कर रहे हैं। बता दें कि संगीतकार एमएम कीरवानी ने एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर के गाने नाटू नाटू से वैश्विक पहचान हासिल की और उन्हें गोल्डन ग्लोब और ऑस्कर से सम्मानित किया गया। फिल्म के मुख्य कलाकारों जूनियर एनटीआर और राम चरण पर फिल्माया गया है।



# स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ, सफाई को लेकर किया जागरूक

**नोएडा (चेतना मंच)।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने भारत पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के सीएसआर सत्र के तहत बिश्नोली सर्वोदय ग्रामोद्योग सेवा संस्थान के माध्यम से संचालित स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ किया।

इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि सभी आम जनमानस स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन की क्रियाकलापों में समायोजित करते हुए साफ-सफाई पर अपना विशेष फोकस रखें एवं पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए अपने आसपास के लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। क्योंकि पर्यावरण को स्वच्छ रखना हम सब का दायित्व है। हम सबको अपने आसपास के क्षेत्र में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करते हुए पर्यावरण को स्वच्छ बनाने में अपना सहयोग अवश्य देना चाहिए।






इस अभियान के दौरान स्थानीय लोगों के बीच पोछा लगाने के कपड़े, कीटनाशक फिनायल और टॉयलेट क्लीनर सहित स्वच्छता किट वितरित किए गए। साथ ही लोगों को अपने आसपास हरियाली बढ़ाने के लिए पौधे लगाने के लिए भी प्रेरित किया गया।

कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से जन जागरूकता पैदा करने के अलावा, हरौला में महत्वपूर्ण स्थान पर स्वच्छ भारत अभियान पर प्रेरक नारे वाले बैनर प्रदर्शित किए गए।

बीएसजीएसएस से नंदिता बक्शी, सीईओ जे.एन. राय, निदेशक परियोजना अनूप कुमार ने इस संबंध में गतिविधियों का समन्वय किया। हरौला में व्यवसायिक प्रशिक्षण केंद्रों के साथ-साथ स्थानीय जन आरोग्यम टीम के प्रशिक्षुओं ने इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया।

इस अवसर पर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी, प्रमुख (एचआरएस) बीना मनसुख, संजय सचदेव तथा बीपीसीएल से नदीम उपस्थित रहे।

# सेक्टर-15ए में दो इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जर स्टेशन का शुभारंभ

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण ने ऑयल इंडिया लिमिटेड के सीएसआर के माध्यम से



सेक्टर-15ए में 30 किलोवाट तथा 9.9 किलोवाट के 2 इलेक्ट्रिक विकिल चार्जर स्टेशन का उदघाटन किया गया। यह उदघाटन बतौर मुख्य अतिथि जनस्वास्थ्य विभाग के प्रभारी वरिष्ठ प्रबंधक गौरव बंसल तथा ऑयल इंडिया के निदेशक अशोक दास ने किया।

इसके साथ ही Trashtalk Activity Book भी Publish की गयी, जिसमें कचरे के निस्तारण के लिए विभिन्न प्रकार की जानकारी दी गयी है। इसके उपरान्त गौरव बंसल ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। व्ही इंडिया ऑयल के इस प्रयास को बहुत ही अच्छे ढंग से क्रियान्वित करने के लिए मैसर्स गाईडेड फॉर्च्यून समिति की समस्त टीम की प्रशंसा की। उन्होंने उपस्थित जनमानस एवं सभी प्रतिनिधियों से अपील की कि सभी अपने-अपने स्तर पर नौएडा को स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में नं0-1 बनाने में सहयोग दें।

कार्यक्रम में आर.के. शर्मा, परियोजना अभियंता (जन स्वा0-।।), राहुल गुप्ता, सहायक परियोजना अभियंता (जन स्वा0-॥), डी0डी0 मिश्रा आरडब्ल्यूए अध्यक्ष सेक्टर-15ए एवं मैसर्स गाईडेड फॉर्च्यून समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# जनशक्ति सेवा समिति की मासिक बैठक सम्पन्न

## 6 प्रमुख समस्याएं सीईओ ने सीपी को भेजने का निर्णय लिया

**नोएडा (चेतना मंच)।** जनशक्ति सेवा समिति की मासिक बैठक समिति के सेक्टर-50, स्थित कार्यालय पर की गई। जिसमें कई मांगों को सीईओ के समक्ष पेश करने का निर्णय लिया गया।



इन शिकायतों में नोएडा क्षेत्र के नाले एवं नालियों की सफाई के सम्बन्ध में सफाई व्यवस्था किए जाने, विभिन्न सेक्टरों में प्राधिकरण द्वारा संचालित वेन्डर जोन से यातायात एवं अन्य उत्पन्न समस्याओं, नोएडा क्षेत्र के चोराहों पर लगने वाले जाम एवं होने वाली समस्याओं के सम्बन्ध में पुलिस कमिश्नर एवं नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को पत्र लिखने, नोएडा क्षेत्र के स्कूल एवं कालेज की छुट्टी के समय यातायात में होने वाली परेशानी, नोएडा क्षेत्र में मच्छरों को मारने के लिए फोगिंग किये जाने का निर्णय लिया गया। सभी ने कहा कि इन समस्याओं को लिखकर पुलिस कमिश्नर तथा प्राधिकरण के सीईओ को भेजने का निर्णय लिया।

इस मौके पर समिति के मुख्य संरक्षक ए.एन. धवन, चैयरमेन रवि कान्त मिश्रा, अध्यक्ष नरेन्द्र चोपड़ा, महासचिव शिव लाल सिंह, प्रभारी दादरी रोहन पंडित, संरक्षक जे.एस. अरोरा, संरक्षक विनोद तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# 10 वर्षों बाद नोएडा प्राधिकरण को हाईकोर्ट से मिली राहत

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा प्राधिकरण एक स्थानीय प्राधिकरण है। इसलिए उसे आयकर अधिनियम-

## सीबीडीटी का आदेश रदद, आईटी को नहीं देने होंगे 8 हजार करोड़ रूपये

1961 की धारा-10 (46) के तहत छूट मिलेगी। दिल्ली हाईकोर्ट के इस आदेश के बाद नोएडा प्राधिकरण की मानों लॉटरी ही खुल गई है। कल आये इस आदेश से नोएडा प्राधिकरण को करीब 8 हजार करोड़ रूपये का लाभ हो गया। अब उसे आयकर विभाग में 8 हजार करोड़ जमा नहीं करने होंगे।

बता दें वर्ष-2003 से 2023 तक नोएडा प्राधिकरण पर कुल 19 हजार करोड़ रूपये का आयकर बकाया था। लेकिन इस आदेश से 8 हजार करोड़ रूपए बच गए।

नोएडा प्राधिकरण के वित्त विभाग के अधिकारियों की मानें तो नोएडा प्राधिकरण वर्ष-2014 से स्थानीय प्राधिकरण की मांग को लेकर मुकदमा लड़ रही है। वर्ष-2011 से प्रभावी इस अधिनियम के मददेनजर सीबीडीटी ने नोएडा को स्थानीय प्राधिकरण मानने से इंकार कर दिया था तथा आयकर की धारा-10 (46) की छूट से भी इंकार कर दिया था।

प्राधिकरण का तर्क है कि बेशक नोएडा औद्योगिक प्राधिकरण है लेकिन यह शहर का विकास सफाई, बिजली, सीवर, जल तथा अन्य बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराता है। इसलिए इसकी भूमिका स्थानीय प्राधिकरण की है।

SAHARA BUILDER & PROPERTIES™
ISO 9001:2008
PROPERTIES AVAILABLEFORSALE IN GREATER NOIDA

RESIDENTIAL

| S.No | Plot Size | House No./Block | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 300 Sq.mtr | C-291, Sigma - 02 | 92 Lakh | Completion, S/W |
| 2 | 200 Sq.mtr | G-660, Alpha - 02 | 1.25 Cr. | Completion,N/E & 18 MTR Road |
| 3 | 60 Sq.mtr | G-439, Gamma - 02 | 52 Lakh | Single Story, Corner(18X12),N/E |
| 4 | 1265 Sq.ft | Silver City - 02, PI-1 | 55 Lakh | 2+1 BHK Apartment |
| 5 | 29.76 Sq.ft | 3TF/Block-60, Sector - 10 | 9 Lakh | 1 BHK, Top Floor |
| 6 | 2450 Sq.ft | Royal Apartment(Duplex), Sigma - 04 | On Request | 4BHK, Low rise, Lift |
| 7 | 237 Sq.mtr | C-363, Sector - 03(EXTN) | 1.40 Cr. | 50% Completion, Corner, N/ W |
| 8 | 110 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 9 | 131 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 23000/Sq.Mtr. | Corner Plot |
| 10 | 930 Sq.mtr | 5% Plot, CHI PHI EXTN | 14000/Sq.Mtr. | Corner Plot |

COMMERCIAL

| S.No | Shop Size | Complex Address | Price | Other Details |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 29.5 Sq.mtr | Block - C, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, Corner, N/E |
| 2 | 463 Sq.ft | NQI Plaza, Alpha - 01 | 95 Lakh | G.Floor, N/E |
| 3 | 19.5 Sq.mtr | Kadamba Shopping Complex, Gamma -01 | 40 Lakh | G.Floor, N/W |
| 4 | 8.15 Sq.mtr | Kiosk, P-3 | 22 Lakh | 24 Mtr Road, N/W |

CONTACT US :+919810441077, +919710441077
Add- Office No. 205, Sunrise Tower,Alpha 1 Commercial Belt,Gr.Noida,G.B.Nagar, U.P-2010308

# सेक्टर-122 के ग्रीन बेल्ट पर काबिज है मजार!

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-122 स्थित आरजी रेजीडेंसी के पास ग्रीन बेल्ट में मजार



स्थापित होने से यहां हर शुक्रवार को हजारों लोगों का जमावड़ा लग जाता है। जिसके कारण स्थानीय लोगों को काफी परेशानी हो रही है।

सेक्टर-122 आरडब्ल्यूए अध्यक्ष उमेश कुमार ने नोएडा के उद्यान विभाग से मांग की है कि सेक्टर की शांति तथा सुरक्षा के मददेनजर ग्रीन बेल्ट में बनी मजार हटाई जाए। उन्होंने उद्यान विभाग के अधिकारी से पूछा कि ग्रीन बेल्ट में क्या मजार बनाने की अनुमति उद्यान विभाग ने दी है। यदि नही तो यहां मजार पर रोक

## आरडब्ल्यूए ने जताई आपत्ति, उद्यान विभाग से कार्रवाई की मांग

क्यों नहीं लगाई जाती है। करीब 5 वर्ष पूर्व यहां इक्का-दुक्का लोग आते थे। अब हजारों लोग आते हैं जिससे सड़कों पर बाइक व कारों का जमावड़ा लग जाता है।

उन्होंने कहा कि या तो मजार हटाई जाए या ग्रीन बेल्ट में मंदिर बनाने की अनुमति प्रदान की जाए। उन्होंने फोनरवा के पदाधिकारियों से भी इस मामले को प्राधिकरण के सीईओ के समक्ष प्रमुखता से रखने की अपील की है।

# पुराने वाहनों को जब्त करें एआरटीओ : फोनरवा

## अगस्त से चलेगा अवैध ई-रिक्शा के खिलाफ अभियान : डा. सियाराम वर्मा

**नोएडा (चेतना मंच)।** फेडरेशन ऑफ नोएडा रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (फोनरवा) के प्रतिनिधिमंडल ने एआरटीओ (प्रशासन) डॉ. सियाराम वर्मा से मुलाकात की और उनको नोएडा की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन दिया। इस अवसर पर डॉ. उदित नारायण पांडे, सहायक संभागीय अधिकारी (E), विनय कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

फोनरवा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा ने कहा कि नियम के अनुसार रजिस्ट्रेशन के 10 साल पूरे कर चुके डीजल वाहन और 15 साल पूरे कर चुके पेट्रोल वाहनों को अब सड़क पर चलाने की अनुमति नहीं है. इसके बावजूद ऐसे वाहन सड़क पर चलते मिलते हैं । इसके आलावा सेक्टरों, अपाटेमेन्टों तथा अन्य रेजिडेंशियल एरिया के अंदर ऐसे पुराने वाहन बड़ी संख्या में खड़े हुए हैं। जिसे वहां पर पार्किंग की समस्या हो रही है और लोग अपने वाहन सड़कों पर खड़े कर रहे हैं जिससे जाम लग जाता है। ऐसे वाहनों को जब्त कर उनका स्क्रैप किया जाए तथा साथ ही वाहन मालिक पर जुर्माना भी लगाया जाए।

महासचिव के के जैन ने बताया कि जिले में लगभग 20 हजार से ज्यादा ई-रिक्शे पंजीकृत है। जितने पंजीकृत है लगभग उतने ही बिना रजिस्ट्रेशन व कबाड़ के ई-रिक्शा भी चल रहे हैं। इन ई रिक्शा के कारण जगह-जगह सड़कों पर जाम लगा रहता है। इनका कोई




स्टैंड नही है जहाँ भी मर्जी से खडा कर लेते है। अतः प्रत्येक सेक्टर, मेट्रो स्टेशन या अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर ई-रिक्शा स्टैंड बनाये जाए। ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए परिवहन विभाग पुलिस के साथ मिलकर बिना रजिस्ट्रेशन वाले ई-रिक्शा को सीज करे।

डॉ सियाराम वर्मा सहायक संभागीय अधिकारी ने बताया कि 10 साल पूरे कर चुके डीजल वाहन और 15 साल पूरे करे हुए पेट्रोल वाहनों पर हम जब्त करने की कार्रवाई करते हैं और इसके लिए समय-समय पर विशेष अभियान भी चलाते हैं। वे नोएडा के निवासियों से अपील करेंगे कि वह ऐसे पुराने वाहनों का स्क्रैप करवाये जिससे कि जाम और पार्किंग की समस्या का भी समाधान हो सके। दलालों के संबंध में उन्होंने कहा कि हमने कार्यालय में उनकी एंट्री वर्जित की हुई है और समय-समय पर हम ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई भी करते हैं।

ई-रिक्शा के संबंध में उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए पुलिस विभाग के साथ मिलकर बिना रजिस्ट्रेशन वाले ई-रिक्शों के खिलाफ अगस्त से अभियान चलाने जा रहा है।

इस अवसर पर फोनरवा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा, महासचिव के के जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय भाटी, अशोक मिश्रा,त्रिलोक शर्मा तथा राजेश सिंह उपस्थित थे।

GRV BUILDCON
Concept to reality
ARCHITECTURE/ CONSTRUCTION / INTERIORS
WE DON'T DESIGN HOME/ OFFICE
WE DESIGN DREAMS!





Certified by :
ISO 9001 CERTIFIED
startupindia
MSME
Contact Us : 9999472324, 9999082512
www.grvbuildcon.com